हिन्दी दैनिक
जौनपुर, लखनऊ व भदोहीं से प्रकाशित
देश की उपासना
www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org
देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए
dku live & dkunews24
वर्ष : 04 अंक–87 : जौनपुर, शुक्रवार 20 मई 2022 सान्ध्य दैनिक (संस्करण) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

प्रदेश की 61 नदियों का मनरेगा से होगा पुनरुद्धार : बुंदेलखंड की 20 नदियां भी योजना में शामिल–केशव प्रसाद मौर्य

लखनऊ ब्यूरो : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि ग्राम्य विकास विभाग ने बुंदेलखंड की 20 नदियों सहित 61 नदियों के पुनरुद्धार की योजना बनाई है। इस कार्य को एक साल के भीतर पूरा करने की रणनीति पर काम किया जाए। मौर्य बृहस्पतिवार को विधान भवन स्थित अपने कार्यालय में इस योजना की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विलुप्त होने के कगार पर पहुंच रही नदियों का पुनरुद्धार करना जल संरक्षण के दृष्टि से बहुपयोगी सिद्ध होगा और मनरेगा के माध्यम से अधिकाधिक श्रमिकों को रोजगार भी मिलेगा। इस कार्य से पीने व सिंचाई के लिए पानी भी आसानी से उपलब्ध हो सकेगी। इसका कृषि, वानिकी आदि पर भी अनुकूल प्रभाव पड़ेगा। यही नहीं इनके निकटवर्ती तालाब, पोखर भी इन नदियों के पानी से भरे जा सकेंगे। समीक्षा के दौरान ग्राम्य विकास विभाग अधिकारियों ने बताया कि नदियों के पुनरुद्धार कार्य में आईआईटी कानपुर व वाराणसी, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ हाइड्रोलॉजी रुड़की और बाबा साहब

भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय लखनऊ से सलाह लेने की योजना भी बनाई गई है। अपर आयुक्त मनरेगा योगेश कुमार ने बताया कि वर्ष 2018 से नदियों के पुनरुद्धार का कार्य किया जा रहा है। अब तक 2,618 किमी लंबाई में नदियों का पुनरुद्धार का कार्य कराते हुए 13,205 लाख रुपये की धनराशि खर्च की गई है।



अब हेलमेट पहनने के बावजूद कट सकता है 2 हजार रुपये का चालान : जानें क्या है नया रूल

गोरखपुर ब्यूरो राजनारायण ओंझा : बिना हेलमेट पहने बाइक चलाने पर चालान होने की बात तो आपने सुनी होगी. लेकिन अब हेलमेट (भ्मसउमज) पहनकर चलने के बावजूद आपका चालान कट सकता है यह चालान भी कोई छोटा–मोटा नहीं बल्कि 2 हजार रुपये का होगा. आप यह बात पढ़कर हैरान हो रहे होंगे लेकिन यह सच है. केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने अपने संशोधित नियमों को नोटिफाइड कर दिया है। मंत्रालय के नियमों के मुताबिक देश में दोपहिया वाहनों के लिए केवल BIS–प्रमाणित हेलमेट के निर्माण और बिक्री की अनुमति है. यानी आपको बाइक–स्कूटर चलाते वक्त केवल ISI मार्क वाला हेलमेट ही पहनना होगा. अगर आप दोपहिया चलाते वक्त कोई घटिया क्वालिटी का या बिना ISI मार्क वाला हेलमेट पहने मिलते हैं तो मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 194D MVA के तहत आप पर 1 हजार रुपये का चालान किया जा सकता है। यही नहीं, अगर आपने हेलमेट (Helmet) पहने होने के बावजूद उसे सिर से बांधे रखने वाले पट्टी टाइट करके नहीं पहनी है तो भी आप पर 1 हजार रुपये का जुर्माना लग सकता है. कुल मिलाकर इस बात को ऐसे समझिए कि आप बिना ISI मार्क वाला हेलमेट पहनकर घर से निकलते हैं और उस हेलमेट की पट्टी भी नहीं बांधते हैं तो सिर पर हेलमेट होने के बावजूद आपका 2 हजार रुपये का चालान कट जाएगा. आप ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को चाहें कितनी भी दलील

दें लेकिन चालान कुछ ही सेकंड में आपके हाथों मे आ जाएगा। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय ने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अपने कुछ नियमों में हाल में बदलाव भी किए हैं. नए नियमों के मुताबिक अब दोपहिया पर बच्चों को ले जाते वक्त उनके लिए स्पेशल हेलमेट और हार्नेस बेल्ट का इस्तेमाल करना अनिवार्य होगा. यह बेल्ट बच्चों को चलते बाइक–स्कूटर पर गिरने से रोकती है. इसके साथ ही बच्चों के साथ ट्रैवल करने पर वाहनों की स्पीड भी 40 किमी प्रति घंटा नियत कर दी गई है. ऐसा न करने पर ड्राइविंग लाइसेंस 3 महीने तक सस्पेंड करने के साथ ही 1 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

संदिग्ध हालत में फासी लगाकर अधेड़ ने दी जान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहां थाना क्षेत्र के बसौली गांव में बीती रात संदिग्ध हालत में एक अधेड़ द्वारा फांसी लगाकर जान देने का मामला सामने आया हैद्य सूचना पर पहुंची इलाकाई पुलिस लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दी। बताया जाता है कि उक्त गांव निवासी अख्तर उर्फ पप्पू (45) ने बुधवार की रात घर से कुछ दूर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुबह घटना की जानकारी मिलते हीं परिवार में कोहराम मच गया। मृतक के भाई द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गयी ।सूचना मिलते हीं इलाकाई पुलिस मौके पर पहुंच गई और लाश को कब्जे मे ले लिया तथा मृतक के भाई सुर्दीश अंसारी की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा चैंबर में एन.एच. एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक संपन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा चैंबर में एन. एच. एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से जनपद के निर्माणाधीन सड़कों के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि जो भी सड़कें बन रही है समय से पूर्ण हो और उनकी गुणवत्ता अच्छी रहे, यह सुनिश्चित कर ले। जिलाधिकारी के द्वारा नईगंज, जगदीशपुर में बनने वाले आर वो वी के प्रगति की समीक्षा की और कहा कि प्राथमिकता पर कार्य कराया जाए। इस दौरान जिलाधिकारी के द्वारा जनपद में रिंग रोड बनाए जाने पर विस्तृत चर्चा की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना बनाकर रिपोर्ट दे ताकि जनपद में प्राथमिकता के आधार पर रिंग रोड बनाया जा सके, जिससे जनपद वासियों को जाम से निजात दिलाया जा सके। एन.एच. 56 का कार्य लगभग पूर्ण हो गया है, सर्विस लेन जो भी अधूरे है उन्हें भी शीघ्र

पूर्ण कराने के निर्देश दिया। सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में निर्देश दिया की जगह–जगह पर साइनेज बोर्ड, रम्बल स्ट्रीट लगाए जाएं। जिलाधिकारी ने बदलापुर में एन एच के द्वारा बनाये जाने वाले पार्क के सम्बन्ध में जानकारी ली और कहा कि आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करते हुए जल्द से जल्द कार्य शुरू कराएं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय, एन.एच के टेक्निकल मैनेजर जतिन, अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी जैनुराम, एक्सईएन एनएच डिविजन वाराणसी ए0के0 सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

साइबर सेल व थाना शाहगंज की संयुक्त टीम द्वारा सोशल मीडिया पर फेक आईडी बनाकर युवती का अश्लील वीडियो एवं फोटो वायरल करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा साइबर अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में डा0 संजय कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में साइबर सेल व थाना शाहगंज की संयुक्त टीम द्वारा एक अभियुक्त को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। दिनांक–18.05.2022 को एक युवती ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसकी फोटो लगाकर उसके नाम से फेसबुक पर फेक आईडी बनाया गया है, तथा फोटो को एडिट कर अश्लील फोटो एवं वीडियो बनाकर प्रसारित किया जा रहा है। प्रार्थना पत्र पर तत्काल कार्यवाही/ गिरफ्तारी हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा साइबर सेल को आदेशित किया गया। जिसपर कार्यवाही करते हुए साइबर सेल द्वारा अभियुक्त को ट्रैस कर थाना शाहगंज पुलिस की मदद से घटना में प्रयुक्त मोबाइल के साथ खेतासराय चौराहे से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के इस कृत्य के विरुद्ध मु0अ0सं–78/22 धारा–67, 67। आईटीएक्ट एवं

504, 506 आईपीसी पंजीकृत किया गया। अभियुक्त उपरोक्त की गिरफ्तारी से इस तरह के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगेगा। पूछताछ विवरण– अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि अभियुक्त आवेदिका को पसंद करता है तथा पता लगा की आवेदिका की शादी होने वाली है जिससे मैं परेशान हो गया था, शादी तोडवाने के उद्देश्य से उसके नाम से फेक आईड़ी बनाकर उसके फोटो से छेड़छाड़ करके सोशल मीडिया पर प्रसारित करने लगा ताकि उसकी शादी न हो सके। गिरफ्तार अभियुक्त– 1.मो0 सारिक पुत्र मो0 रुस्तम निवासी जमदहां थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1.श्री सुधीर कुमार आर्या, प्र0नि0 थाना शाहगंज जनपद जौनपुर। 2. श्री रामजनम यादव, प्रभारी सर्विलांस सेल जौनपुर। 2.श्री ओम प्रकाश जायसवाल, साइबर सेल जौनपुर।

तालाब में डूबने से बालक की मौत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : कोतवाली थाना क्षेत्र के नूरपुर(मतरी) गांव में भैंस चराने गए बालक की स्नान करने के दौरान तालाब में डूबने से मौत हो गई है। उक्त गांव निवासी राजेश उर्फ लल्लू पटेल का पुत्र शिवा उर्फ कल्लू पटेल(१०)अपने साथी बालक इंद्रेश के साथ भैंस चराने डीह बाबा के पास सुबह गया था। वहा पर गर्मी लगने के बाद दोनो स्नान करने के लिए बगल स्थित तालाब के पानी में घुसे ।गहरे में जाने के कारण शिवा डूब गया जबकि उसका साथी इंद्रेश(१०) स्नान करने के बाद बाहर निकलकर शोर मचाया तो लोगो ने पानी में घुस कर उसे बाहर निकालकर निजी चिकित्सक के पास पहुंचे ।डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना की सूचना मिलने पर लेखपाल और कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची ।शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।दोनो बच्चे गांव के स्कूल में कक्षा 5 में पढ़ते थे। घटना के संबंध में प्रभारी निरीक्षक अवनीश राय का कहना हैं कि उक्त बालक पैर फिसलने से तालाब के पानी में डूब गया जिससे उसकी मृत्यु हो गई है ।शव को पोस्टमार्टम लिये भेजा गया है।

लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्रीय लोगों में दहशत

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : एक के बाद एक लगातार हो रही चोरिया पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते नजर आ रहे हैं। वही घटना के बाद पीड़ितों की सूचना पर भी पुलिस चोरियों के मामले में कोई कार्रवाई करना उचित नहीं समझती है। जिसे लेकर चोरों का हौसला बढ़ता जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ क्षेत्रीय लोगों में पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर आक्रोश भी दिख रहा है। विदित हो कि बीते बुधवार/गुरुवार की देर रात चोरों ने पृथ्वीपुर सामुदायिक शौचालय में लगे सबमर्सिबल पंप सहित 80 मीटर तार व 10 फिट पाइप पर हाथ साफ कर दिया। जिसकी सूचना शौचालय की देखरेख कर रही है श्वेता सिंह द्वारा सुरेरी पुलिस को दी गई थी। आरोप है कि सूचना के बाद भी पुलिस उक्त मामले में अभी तक मुकदमा दर्ज नहीं किया। वही बीते बृहस्पतिवार को भानपुर गांव निवासी शशिकांत पटेल के मशीन का सेंध काटकर चोरों ने घर में घुसकर अंदर रखे सभी कीमती सामान को क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं बीते रविवार शिव लोचन के स्टेबलाइजर स्टार्टर उठा ले गए व भोला पटेल के मशीन का ताला तोड़कर चोर 15 किलो पाइप समेत अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। लगातार एक के बाद एक हो रही चोरियों का सूचना पीड़ितो द्वारा थाने पर दे दिया गया लेकिन उसके बावजूद भी पुलिस उक्त मामले में कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। वहीं पुलिस के इस कार्यप्रणाली को लेकर क्षेत्रीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। इस संदर्भ में थानाध्यक्ष सुरेरी राज नारायण चौरसिया ने बताया कि सभी चोरियों की जानकारी नहीं है, कुछ चोरियां हुई हैं उसमें आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

जिलाधिकारी द्वारा अमृत एवं नमामि गंगे योजना के तहत कराये जा रहे कार्य प्रगति के सम्बंध में अधिकारियों के साथ की गई बैठक

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा अमृत एवं नमामि गंगे योजना के तहत कराये जा रहे कार्यो के प्रगति के सम्बंध में अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में ऐसी सड़कें जिसकी खुदाई कराई गयी है, उसे शीघ्र सही कराएं। उन्होंने सख्त निर्देश देते हुए कहा है कि जिन कार्यदाई संस्थाओं के द्वारा लंबे समय से सड़कों की खुदाई कराके छोड़ दिया गया है, उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर कार्यवाही की जाए। अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देश दिया कि जिनकी वजह से आवागमन बाधित हो रहा है, उनके विरुद्ध जुर्माना लगाने की कार्यवाही की जाए। सिपाह से किला व पंचहटिया रोड के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि जल्द से जल्द ठीक कराये। उन्होंने अधीक्षण अभियंता पीडब्ल्यूडी और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि नमामि गंगे और अमृत योजना के अंतर्गत किए गए कार्यों का निरीक्षण करें और रिपोर्ट दे। उन्होंने कहा कि ऐसी सड़कें जो अभी भी खुदी हैं उन सड़कों में पाइप लाइन बदलने की आवश्यकता है तो जेई के माध्यम से सर्वे करा ले और उसे पूर्ण कर ले। अपर जिलाधिकारी भू–राजस्व रजनीश राय को निर्देशित किया कि

नमामि गंगे योजना के द्वारा किए गए सभी कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत करें एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित किया कि किए गए कार्यों को जेई की उपस्थिति में सत्यापन कराये। इस अवसर पर अधी0अभियता पीडब्ल्यूडी जैनुराम, अधि0अधिकारी नगर पालिका जौनपुर सतोष मिश्रा सहित नमामि गंगे एवं अमृत योजना के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

दो ट्रकों के आमने सामने की टक्कर में चालक व खलासी घायल : रेफर

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : चंदवक थाना क्षेत्र के आजमगढ़ वाराणसी मार्ग पर मोरखा गांव की पुलिया के पास शुक्रवार भोर में लगभग दो बजे दो ट्रकों के आमने सामने की टक्कर में ड्राइवर व खलासी गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी डोभी ले आयी जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने दोनों को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया। वाराणसी की ओर से सीमेंट सीट लाद कर ट्रक आजमगढ़ की ओर जा रही थी ।रात करीब दो बजे मोरखा गांव की पुलिया के पास आजमगढ़ की ओर से आ रही ट्रक आमने सामने टकरा गई जिससे ट्रक ड्राइवर सर्वेश कुमार(38)निवासी नरायनपुर मिर्जापुर व खलासी रितेश कुमार यादव (27) निवासी मिर्जापुर गंभीर रूप से घायल हो गए ।सूचना पर पहुंची पुलिस दोनों को सीएचसी डोभी लायीं जहां हालत गंभीर देख डॉक्टरों ने ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया।

बीजा के नाम 7 युवकों से दो लाख 80 हजार ठगा : पैसा वापस मांगने पर मोबाइल किया बंद

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सऊदी कमाने के लिए वीजा देने के नाम पर 7 युवकों से रूपए तो ले लिए लेकिन वीजा नही दिया । ठगों ने पासपोर्ट वापस कुरियर कर मोबाइल बंद कर लिया है । पीड़ितो ने खेतासराय तथा केराकत थाने में तहरीर दी है । फिलहाल पुलिस मामला संज्ञान में होने से इंकार कर रही है । जानकारी के अनुसार खेतासराय निवासी शमीम , रिजवान , जाफर, आमिर, अरमान तथा आजमगढ़ निवासी उमैर तथा अजय ने केराकत कोतवाली क्षेत्र के सिपाह निवासी एक व्यक्ति को सऊदी के दमाम में काम के लिए वीजा प्राप्त करने के लिए चालीस चालीस हजार रूपए दिए थे । इनमे प्रति युवक 10 हजार रूपए नगद मार्च में तथा अप्रैल में 30 हजार रूपए खाते में दिए गए थे । आरोपी ठग का भाई पैसा देने वाले युवकों को दिल्ली मेडिकल कराने भी ले गया था । लेकिन एक माह बीत जाने के बाद भी युवको को वीजा नही मिला । बल्कि सभी युवकों का पासपोर्ट कुरियर से वापस आ गया है तथा आरोपी ने अपना मोबाईल भी बंद कर लिया । आजिज आकर पीड़ितो ने शुक्रवार को खेतासराय थाने तथा केराकत कोतवाली में आरोपियों के खिलाफ शिकायत की है। थानाध्यक्ष श्री प्रकाश राय ने कहा की मामला संज्ञान में नहीं है। शिकायत मिलने पर छानबीन कराई जाएगी।

बदमाशों ने बिल्डिंग मैटीरियल दुकानदार को मारी गोली

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बक्शा थाना क्षेत्र के मई गांव में शुक्रवार साढ़े बारह बजे के आस पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने बिल्डिंग मैटेरियल व किराना दुकानदार को गोली मार फरार हो गए। घटना की सुचना मिलते ही हड़कम्प मच गया। थानाध्यक्ष दिब्यप्रकाश सिंह ने पहुँच घायल को बक्शा नौपेड़वा सीएचसी अस्पताल पहुँचाया जहाँ चिकित्सक ने बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल भिजवाया। थाना क्षेत्र के मई गांव निवासी सुरेन्द्र मिश्र का 32 वर्षीय पुत्र स्वत्रंत मिश्र उर्फ मोनू गांव में मिश्रा सीमेंट एजेंसी व किराना की दुकान खोल रखें है। मोनू के अनुसार गांव निवासी आकाश मिश्र से जमीनी विवाद तथा सत्यम मिश्र से पैसे का लेनदेन का विवाद चला आ रहा है। 11 बजे के आसपास मोनू दुकान पर बैठे थे तभी पहुँचे आकाश से कुछ वाद विवाद हुआ आकाश धमकी देकर चला गया। करीब डेढ़ घण्टा बाद दुकान पर बैठे मोनू बगल में ही पेशाब कर रहें थे तभी पीछे से पहुँचे बाइक सवार दो बदमाशों में एक ने मोनू को लक्ष्य कर गोली मार सुल्तानपुर गांव की तरफ भाग निकले। गोली मोनू के दाहिने पैर में लगते ही जमीन पर गिर पड़े। सूचना मिलते ही परिजन व ग्रामीण मौके पर पहुँच गए। उधर घायल मोनू को बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल से बीएचयू के लिए रिफर कर दिया गया। घायल के बड़े पिता अवनेंद्र मिश्र ने सत्यम मिश्र व आकाश मिश्र के खिलाफ लिखित तहरीर दी है। घटना स्थल पर सीओ सदर रणविजय सिंह घटना स्थल पर बक्सा पुलिस के साथ पहुँच घटना की जानकारी ली।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–
जीवन की सबसे बड़ी गलती है कि उस गलती से कुछ न सीखना।
–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

सम्पादकीय

चीन का नया पैंतरा : पैंगोंग झील के पास नया पुल बनाने की तैयारी

आज, जैसा कि हम मानते हैं कि चीन स्वीकृत एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर से पीछे हट जाएगा, लेकिन हमें लंबी अवधि के गतिरोध के लिए तैयार रहना चाहिए। चीन के नेता अपनी छवि खराब नहीं होने दे सकते। इसलिए वार्ता और शांति–निर्माण मॉडल के माध्यम से नई दिल्ली के राजनयिक दृष्टिकोण की समीक्षा की जानी चाहिए।

चीन द्वारा पैंगोंग झील के पास अपने कब्जे वाले क्षेत्र में एक और नया पुल बनाने की जानकारी हैरान करने वाली है। उपग्रह द्वारा ली गई तस्वीर से यह जानकारी सामने आई है। इससे भारतीय सीमा के पास चीन अपने हथियारबंद वाहन और टैंक आसानी से ला सकेगा। गौरतलब है कि इससे पहले भी वह पैंगोंग झील पर एक पुल बना चुका है। करीब 500 मीटर लंबा वह पुल लद्दाख में पैंगोंग झील के उत्तरी तट पर स्थित है, जिस पर चीन ने 1962 में अवैध रूप से कब्जा कर लिया था। जाहिर है, बातचीत के बावजूद चीन अपनी खतरनाक मंशा जारी रखे हुए है।

थलसेना की पूर्वी कमान के प्रमुख आरपी कलिता ने पिछले ही दिनों यह खुलासा किया था कि चीन की 'पीपुल्स लिबरेशन आर्मी' (पीएलए) अरुणाचल प्रदेश के पास सटी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर अपनी क्षमता बढ़ा रही है। तिब्बत क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) के उस पार बुनियादी ढांचे के विकास से जुड़ा काफी काम हो रहा है। भारतीय सीमा पर चीनी सैनिकों की ऐसी हरकतों से सवाल उठता है कि आखिर चीन ऐसा क्यों कर रहा है और उसकी मंशा क्या है। इसे समझने के लिए यह देखना होगा कि दांव पर आखिर कौन–कौन से मुद्दे हैं।

पहला, भारत के उभार को सीमित करने और भारत के साथ अपनी सीमा को अपने हित में निर्धारित करने का लक्ष्य चीन का लंबे समय से रहा है, क्योंकि वह लद्दाख के पूर्वी हिस्सों में कथित सीमा रेखा से परे क्षेत्र पर धीरे–धीरे कब्जा कर रहा है। ऐसा वह इस क्षेत्र में अधिक से अधिक जमीन हथियाने के लिए करता है, ताकि वह अपने महत्वपूर्ण सड़क लिंक (राजमार्ग 219) को और आगे बढ़ा सके, जो सिंकियांग के काशगर को तिब्बत के ल्हासा से जोड़ता है।

इसके अलावा, अक्साई चिन क्षेत्र गलवां नदी (जहां अभी वे डटे हैं) के उत्तर से काराकोरम दर्रा तक अपनी पहुंच बढ़ाने के लिए चीन की बड़ी रणनीति का हिस्सा है, जहां उन्होंने शक्सगाम घाटी के लिए एक प्रमुख संपर्क मार्ग बनाया है, जिस पर वह 1963 से कब्जा जमाए हुए है। दूसरा, चीन हमेशा से लद्दाख क्षेत्र में ज्यादा जल संसाधनों की तलाश कर रहा है, क्योंकि सिंधु नदी तिब्बत से निकलती है और लद्दाख से पाक अधिकृत कश्मीर (पीओके) तक जाती है।

चीन का एजेंडा इस क्षेत्र में अधिक से अधिक पानी तक पहुंच बनाना है, क्योंकि चीन को माइक्रोचिप्स बनाने के लिए प्रचुर मात्रा में पानी की आवश्यकता है। चूंकि 30 वर्ग सेमी सिलिकॉन वेफर्स बनाने के लिए दस हजार लीटर पानी की आवश्यकता होती है, इसलिए चीन सिंधु नदी का पानी हासिल करना चाहता है और जिसे अपने भू–रणनीतिक एवं आर्थिक लाभ के लिए पाकिस्तान उसे दे सकता है। वर्ष 2018 में चीन ने अमेरिका, जापान और ताइवान से 230 अरब डॉलर से अधिक मूल्य के माइक्रोचिप्स का आयात किया था। लेकिन अब वह इसे खुद बनाना चाहता है।

असल में कश्मीर के पानी पर चीन की नजर 1950 के दशक से ही रही है, इसलिए उसने 1954 में अक्साई चीन पर कब्जा किया था। अब चीन पीओके में सिंधु नदी पर पांच प्रमुख बांधों के वित्तपोषण पर सहमत हो गया है। लगता है कि चीन ने यह मान लिया है कि भारतीय सैनिक उस पर गोली नहीं चलाएंगे, क्योंकि अतीत में इस तरह की घुसपैठ होने पर भारत ने राजनयिक माध्यम से इसे हल करने की कोशिश की थी। लेकिन जब चीनी सैनिक हमारे जवानों, हमारे सड़क बनाने वाले निहत्थे कर्मचारियों, को धमकाएं, तो यह मानक प्रक्रिया नहीं हो सकती कि चीनी हरकतों के बाद हम बातचीत करें और फिर घोषणा करें कि सब कुछ ठीक हो गया है।

अफसोस की बात यह है कि भारत ने चीन के मोर्चे पर दशकों तक अपनी सीमा के बुनियादी ढांचे को यह सोचकर विकसित नहीं किया था कि सीमाओं पर खराब सड़कें होने से 1962 की तरह आक्रमण होने की स्थिति में भारतीय क्षेत्र में चीनी सैनिकों की पहुंच बाधित होगी! तब से अब तक काफी कुछ बदल चुका है। ध्यान रखना चाहिए कि भारत की सेना अब पहले जैसी नहीं है, जिसे चीन ने 1962 में कुचल दिया था, जब पंडित नेहरू और कृष्णा मेनन ने इसे सामरिक लड़ाई लड़ने की अनुमति नहीं दी थी।

हालांकि, हेंडरसन ब्रूक्स की रिपोर्ट, जिसमें 1962 में केवल सैन्य पराजय के कारणों को देखा गया था (राजनीतिक विफलताओं को नहीं), देश का सबसे बड़ा सार्वजनिक रहस्य है। साउथ ब्लॉक में इसकी प्रतिलिपि है और हमारे जनरलों की इस तक पहुंच है, और उन्होंने इससे काफी सबक सीखा है। इसलिए 1967 में नाथू ला पर भारत का सख्त रुख (जिससे कई चीनी और भारतीय सैनिक मारे गए) और फिर सोमडुरुंग चू में चीनी घुसपैठ होने पर 1987 में जनरल सुंदरजी द्वारा सैनिकों के तेजी से एयरलिफ्ट की घटना को दोहराया जा सकता है।

दोनों ही मामलों में चीन को पीछे हटना पड़ा था। आज, जैसा कि हम मानते हैं कि चीन स्वीकृत एलएसी (वास्तविक नियंत्रण रेखा) पर से पीछे हट जाएगा, लेकिन हमें लंबी अवधि के गतिरोध के लिए तैयार रहना चाहिए। चीन के नेता अपनी छवि खराब नहीं होने दे सकते। इसलिए वार्ता और शांति–निर्माण मॉडल के माध्यम से नई दिल्ली के राजनयिक दृष्टिकोण की समीक्षा की जानी चाहिए। विशेष रूप से लद्दाख मोर्चे पर सीमा निर्धारण में इससे कोई फायदा नहीं होने वाला है, क्योंकि किस रेखा का पालन करना है, इसको लेकर मतभेद है।

अब समय आ गया है कि हम सीमा निर्धारण के लिए एक नया तंत्र विकसित करें, क्योंकि कई दौर की बातचीत के बावजूद कोई हल नहीं निकला है। यदि नहीं, तो क्या सख्त रवैये वाली मोदी सरकार चीनी नेता से बात करने के लिए तैयार है? और क्या इससे कारगिल जैसा एक और संघर्ष होगा? इसे खारिज नहीं किया जाना चाहिए, क्योंकि चीन तभी आपका सम्मान करेगा, जब आप ताकत के साथ बात करेंगे।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

जनपद के महान स्वतंत्रता सेनानियों ने आंदोलन में भाग लिया : जेल में अंग्रेजों की यातनाएं सही –मंत्री

हरदोई।(अम्बरीष कुमार सक्सेना) गांधी भवन सभागार में आजादी का अमृत महोत्सव के अन्तर्गत जनपद के अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों की याद में ''दिग्दर्शन–वीथिका'' कार्यक्रम का शुभारम्भ मा0 मंत्री आबकारी एवं मद्य निषेध श्री नितिन अग्रवाल व भाजपा जिलाध्यक्ष श्री सौरभ मिश्रा संयुक्त रूप से ने प्रज्जवलित कर किया तथा जनपद के अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों के जीवन परिचय पर लगायी गयी प्रर्दशनी का उद्घाटन किया एवं प्रदर्शनी का अवलोकन कर भव्य प्रर्दशनी के लिए जिला प्रशासन के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर मा0 मंत्री जी ने जनपद के अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों का नमन करते हुए कहा देश की आजादी में जनपद इन महान सपूतों ने बहुत बड़ा योगदान दिया है और जनपद के गुजरात, कलकत्ता आदि स्थानों पर भी जाकर स्वतंत्रता आंदोलन में भाग लिया तथा जेल में अंग्रेजों की यातनाओं को भी सहा, परन्तु देश की आजादी के लिए अपना योगदान निरन्तर देते रहे। उन्होने कहा कि हम सब जनपदवासियों को जनपद के अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों को हमेशा याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों के जीवन पर लगायी प्रर्दशनी का अवलोकन किया तथा उपस्थित छात्र/छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि जनपद के इन अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों की जीवनी का अध्ययन करें और उनके मार्ग दर्शन पर चलने का प्रयास करें। दिग्दर्शन वीथिका कार्यक्रम के आयोजक नगर मजिस्ट्रेट डा0 सदानन्द गुप्ता ने मा0 मंत्री जी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जनपद के 42 अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों की याद में इस

कार्यक्रम को भव्य रूप दिया गया है ताकि नवयुवक/युवतियां एवं छात्र/छात्रायें देश की आजादी में अहम योगदान देने वाले अपने जनपद के अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों की जानकारी प्राप्त कर सके, इसके सभी अमर स्वतंत्रता सग्राम सेनानियों के चित्र के साथ उनके जीवन परिचय में लिखा कर प्रर्दशनी लगायी गयी है। कार्यक्रम में आर्यकन्या विद्यालय की छात्राओं ने सरस्वती वन्दना एवं स्वागत गीत गाया तथा सेन्ट जेम्स, जयपुरिया, सेन्ट जेवियर्स आदि विद्यालय के छात्र/छात्राओं ने मनमोहक देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर सबका मन मोह लिया। इसके उपरान्त मा0 मंत्री जी ने कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले छात्र–छात्राओं को पुरस्कार प्रदान किये। कार्यक्रम का समापन विधायक मानवेन्द्र प्रताप सिंह रानू द्वारा किया गया उन्होंने प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुये जिला प्रशासन के प्रयासों की सराहना की। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार यादव, उप जिलाधिकारी सदर दीक्षा जैन, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट स्वाती शुक्ला, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, पत्रकार बन्धु तथा छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

योगाचार्य कृष्ण दत्त मिश्र ने कराया योगाभ्यास : स्वास्थ्य को लेकर किया जागरूक

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। कैंट स्थित कस्तूरबा पार्क में आयोजन को लेकर बड़ी संख्या में लोग कर रहे हैं। अभ्यास और कैंट के उच्च पदाधिकारियों ने योग उत्सव में हिस्सा लिया। मुख्य अतिथि एस राजेश्वरन प्रथम निदेशक एनी सत्यनारायण द्वितीय निदेशक पुष्पेंद्र तृतीय निर्देशक भावना सिंह एवं अजय चौधरी निदेशक और विकास कुमार डीईओ कैंट छावनी के सीईओ विलास एच पवार जी मुख्य रूप से थे लोगों ने औषधीय पौधों को लगाया। दीप प्रज्वलन के बाद सामूहिक योगगीत गाया और फिर योग गुरु छावनी परिषद कैंट लखनऊ के कृष्ण दत्त मिश्र ने योगाभ्यास प्रोटोकॉल का कराया जिसमें राजनाथ सिंह जी रक्षा मंत्री सीधे दिल्ली से जुड़े थे। पूरे लखनऊ योग परिवार ने इसका अभ्यास किया और योग के मूल

गुण रहस्य को बताया गया। आगामी डॉक्टरों के व्याख्यान योग के ऊपर है और 21 जून को पूरे रक्षा परिवार के साथ योगाभ्यास कस्तूरबा पार्क में सुनिश्चित है।

अत्यधिक प्रभावी ''लीडर'' की 6 शक्तिशाली ''आदतें और हैक्स''

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। आज के सबसे सफल''लीडर'' को संयोग से ऐसा नहीं मिला। उन्होंने महान नेतृत्व की आदतों को सीखा और लागू किया। आप भी कर सकते हैं। मनीष नागर के अनुसार जो "डिजिटल मार्केटर स्ट्रैटेजिस्ट" और ''प्रैक्टिशनर लाइफ कोच'' हैं, अपने जुनून को एक नेता के रूप में आप कौन हैं इसका एक हिस्सा बनने दें। अपने सिर और दिल दोनों के साथ नेतृत्व करें। एक ऐसे "लीडर'' बनें जो:–1. आत्मविश्वासी लेकिन अभिमानी नहीं। महान नेता आत्मविश्वासी होते हैं और अपने आप में बहुत आश्वस्त होते हैं। आप जानते हैं कि जब आप चुनौतियों से नहीं कतराते हैं तो आपके पास इस प्रकार का आत्मविश्वास होता है। आपका आत्मविश्वास अशांत समय के दौरान शांति की भावना व्यक्त करता है, और महान नेता एक बार कार्रवाई करने के बाद डगमगाते नहीं हैं। 2. संवेदनशील और दूसरों के प्रति संवेदनशील। महान नेता संवेदनशील होते हैं और अपने लोगों की जरूरतों के लिए एक सहज अनुभव रखते हैं। वे समझते हैं कि उनके कर्मचारियों को क्या प्रेरित करता है और उनके कल्याण के लिए वास्तविक चिंता प्रदर्शित करता है। अपने संगठन के लोगों के बारे में सोचें और अपने आप को उनकी भलाई और सफलता के लिए एक अभिभावक मानें। 3. निर्धारित और सहायक। महान नेता चीजों को पूर्णता तक देखते हैं। वे किसी भी चीज की निगरानी करते हैं जो उन्हें लगता है कि उन्हें अपने लक्ष्यों को प्राप्त

करने में मदद करता है। जब चीजें उनके मुताबिक नहीं जातीं तो वे आसानी से हार नहीं मानते। महान नेता वास्तव में अपने संगठन बनाने वाले लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण के लिए चिंतित हैं। 4.विशिष्ट और जिम्मेदार। नेता अपनी छवि, अपने कार्यों और अपने संचार के बारे में व्यावसायिकता की एक अनूठी भावना विकसित करते हैं। नेता अपने लोगों के प्रदर्शन की जिम्मेदारी लेते हैं। जब चीजें ठीक चल रही होती हैं, तो वे सार्वजनिक रूप से प्रयासों की प्रशंसा करते हैं। जब चीजों पर ध्यान देने की आवश्यकता होती है या समस्याएँ उत्पन्न होती हैं, तो वे चीजों को जल्दी से ठीक करने और चीजों को वापस पटरी पर लाने के तरीके खोजते हैं। 5. आशावादी और ईमानदार। भावुक नेता जीओ का स्रोत हैं। वे आसानी से दूसरों को मजबूत करने लगते हैं, और वे गणना की गई लापरवाही के साथ उत्साहपूर्वक अधिकांश चीजों में डुबकी लगाते हैं। आपका आशावाद, यदि वास्तविक है, तो कार्यस्थल को जीवंत कर सकता है। क्या आप दृढ़ता से मानते हैं कि ईमानदारी और नैतिक व्यवहार सफलता की नींव है? यदि हां, तो आप भी अन्य उत्कृष्ट नेताओं की श्रेणी में शामिल हो सकते हैं जो बहुत सफल संगठनों का प्रबंधन करते हैं।

नगर पालिका परिषद ने व्यापारियों को अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

हरदोई।(अम्बरीष कुमार सक्सेना)पुलिस उप अधीक्षक विशाल यादव, प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार मिश्र, उप जिलाधिकारी सौरभ दुबे और अधिशासी अधिकारी नगर पालिका शाहाबाद संजय कुमार द्वारा सड़क पटरी पर और नालों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के संबंध में अल्लापुर चौराहे पर सभी दुकानदारों को बता दिया कि सभी दुकानदार अपने सामान अपने दुकान के अंदर ही रख कर बेचे। जहां तक उनके दुकान की सीमा है उसके बाहर किसी भी तरह का

अतिक्रमण ना करें और इसके लिए उनको शनिवार 10:00 बजे तक का समय दिया गया है। अगर वह लोग अपने से नहीं हटाएंगे तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी और उसको जेसीबी से तोड़ा जाएगा तथा उस पर आने वालाव्यय भी वसूल किया जाएगा इसके पूर्व शासन के निर्देश के क्रम में उक्त सभी व्यापारियों की बैठक भी करके उनको अवगत कराया जा चुका है। अधिशाषी अधिकारी ने नगर पालिका वैन द्वारा लाउडस्पीकर से भी सभी दुकानदारों,व्यापारियों आदि को अतिक्रमण हटाने के लिए सूचित किया है।

उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों की बैठक आयोजित

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के बैनर तले पुलिस प्रशासन एवं नगर निगम प्रशासन के अधिकारियों की बड़ी बैठक बंधन गेस्ट हाउस ,फैजाबाद रोड पर आयोजित हुई बैठक में डीसीपी उत्तरी एस. चिनप्पा ,अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह, ए डी सी पी उत्तरी प्राची सिंह , जोनल अधिकारी 7 प्रज्ञा सिंह ,एसीपी गाजीपुर सुनील कुमार शर्मा ,प्रभारी निरीक्षक गाजीपुर रामेश्वर प्रसाद मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता संगठन के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता द्वारा की गई व्यापारियों ने बैठक में विभिन्न बाजारों की समस्याएं अधिकारियों के सामने रखी। लेखराज डॉलर, फैजाबाद रोड के व्यापारी विवेक श्रीवास्तव ने बैठक में अधिकारियों के सामने न्यायालय के आदेश के बावजूद सर्विस रोड पर अवैध रूप से लगाई जा रही अस्थाई दुकानों का मुद्दा उठाया ,इंजीनियरिंग कॉलेज के अध्यक्ष संजय टंडन ने इंजीनियर कॉलेज चौराहे पर बड़ी संख्या में सड़कों पर नॉनवेज की दुकानें लगने का मुद्दा उठाया, फैजाबाद रोड के व्यापारी इकबाल हसन ने फैजाबाद रोड पर सड़क पर ही बड़े–बड़े फर्नीचर की दुकानें लगने का मुद्दा उठाया, बैठक में व्यापारियों द्वारा तकरोही बाजार में अवैध सब्जी मंडी की भी शिकायत की ,इसी प्रकार से अम्रपाली मार्केट इंदिरा नगर के व्यापारियों ने शराब की दुकानों और अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठाया, मुंशी पुलिया के व्यापारियों ने मुंशी पुलिया चौराहे से अरविंदो पार्क तक सड़क पर अवैध अतिक्रमण एवं अवैध ऑटो स्टैंड की शिकायत की, रिंग रोड के व्यापारियों ने रिंग रोड के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा एवं महासचिव पंकज अरोड़ा ने रिंग रोड पर सड़क जाम की समस्या का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। भूतनाथ के अध्यक्ष कमल अग्रवाल में भूतनाथ मार्केट में दबंगों द्वारा सड़कों का सौदा किए जाने का मुद्दा उठाया। व्यापारियों ने बैठक में वेंडिंग जोन के अतिरिक्त कहीं भी दुकानें ना लगाए जाने की मांग की। कुछ दिन पूर्व नगर निगम के कर्मचारियों को बचाने के चक्कर में दबंगों द्वारा पीड़ित व्यापारियों ने बैठक में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी का भी विषय उठाया। व्यापारी नेता संजय गुप्ता ने बैठक में कहा वेंडिंग जोन कमेटी में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अनिवार्य रूप से शामिल किया जाए बिना उनकी सहमति के बाजारों की वेडिंग जोन की घोषणा ना की जाए तथा वेंडिंग जोन के अतिरिक्त कहीं भी अस्थाई दुकान ना लगाई जाए । बैठक को संबोधित करते हुए डीसीपी उत्तरी एस.

चिनप्पा ने व्यापारियों से बाजारों में सीसीटीवी कैमरा लगाने की अपील की तथा व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठानों के सामने से स्वयं के अतिक्रमण को हटाने की अपील की ,व्यापारियों ने एक स्वर मे अपना स्वयं का अतिक्रमण हटाने का आश्वासन दिया। बैठक में आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष संजय गुप्ता ने व्यापारियों से अपनी दुकानों के सामने से स्वयं का अतिक्रमण हटाने की अपील की तथा कहा कि अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों का आदर्श व्यापार मंडल सहयोग नहीं करेगा। भूत नाथ मार्केट के संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता ने और भूतनाथ मार्केट के व्यापारियों ने शीघ्र ही भूतनाथ बाजार मे सीसीटीवी कैमरे लगाने घोषणा की अपर नगर आयुक्त पंकज सिंह ने व्यापारियों की समस्याओं को सुना तथा बैठक को संबोधित करते हुए रोस्टर बनाकर सभी बाजारों में अतिक्रमण अभियान चलाने की बात कही बैठक में भूतनाथ मार्केट के दबंगों द्वारा पीड़ित व्यापारी ने शेष नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग की डीसीपी उत्तरी ने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया बैठक में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश कोषाध्यक्ष मोहम्मद अफजल, प्रदेश उपाध्यक्ष अविनाश त्रिपाठी, ट्रांस गोमती अध्यक्ष अनिरुद्ध निगम ,लखनऊ उपाध्यक्ष मनीष जैन ,ट्रांस गोमती प्रभारी मनीष पांडे ,भूतनाथ मार्केट संरक्षक धर्मेंद्र गुप्ता, भूतनाथ मार्केट के अध्यक्ष कमल अग्रवाल, तकरोही मार्केट के महामंत्री जितेंद्र सिंह, भूतनाथ मंदिर रोड के पदाधिकारी दिनेश शर्मा, बिल्लू रैना ,मनोज अग्रवाल, मोहम्मद रिजवान , गांधी, राधेश्याम शर्मा ,पंकज अरोड़ा ,लखनऊ महामंत्री विजय कनौजिया, विनय, रित्विक जायसवाल ,अशोक मिश्रा, अंशु दुबे ,संतोष यादव, अरशद सफी पुरी, विवेक यादव, राजेश सक्सेना, श्याम सुंदर अग्रवाल विवेक श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।बैठक में तकरोही बाजार, मुंशी पुलिया ,रहीम नगर, बादशाह नगर, खुर्रम नगर, रिंग रोड, आम्रपाली मार्केट इंजीनियरिंग कॉलेज, फैजाबाद रोड ,भूतनाथ मार्केट, डालीगंज, कंचना बिहारी मार्ग, लेखराज डॉलर बाजारों के अध्यक्ष, महामंत्री एवं पदाधिकारी शामिल थे।

सड़क सुरक्षा के लिए बच्चों ने बनाए पोस्टर

हरदोई।(अम्बरीष कुमार सक्सेना) मंगली पुरवा स्थित श्री डाल सिंह मेमोरियल स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसके माध्यम से छात्र–छात्राओं ने अपने चित्रों के माध्यम से सभी को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया चित्रों में बच्चों ने बताया कि गाड़ी चलाते समय मोबाइल का प्रयोग ना करें मोटरसाइकिल आदि पर हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें सड़क पार करते समय बाएं तरफ चलने आदि बातों का संदेश दिया। बच्चों ने बड़ों से या अपील की है कि 18 साल से कम उम्र के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति न दी जाए तथा तथा स्वयं भी सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करें। मादक द्रव्य आदि का सेवन करते समय वाहन न चलाएं और सभी लोगों को भी जागरूक करें।प्रतियोगिता में उत्कर्ष वर्मा, वंशिका , तुषार, दिव्या ,दीपक, यामिनी,आयुष ,शिवांशु ,कशिश , मुकुल ,रिया ,स्मिता आदि बच्चों ने प्रतिभाग किया। इस

अवसर पर विद्यालय प्रबंधक अखिलेश सिंह ने बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों का पूरा पालन करने के लिए शपथ दिलाई। इस अवसर पर प्रधानाचार्या लक्ष्मी देवी, भूमिका सिंह, शिक्षिका मनसा द्विवेदी ,कविता गुप्ता, बीना गुप्ता ,रचना प्रजापति, अर्पिता सिंह ,दिव्या सिंह, विनीता शुक्ला, प्रिया सिंह, प्राची सिंह, शशि बाला ,आरती ,सोनम, नीलम, सोनी,प्रज्ञा आदि उपस्थित रहे।

पहल डिजाइन कोचिंग के बच्चों ने कर दिखाया कमाल

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। एनआईएफटी के एंट्रेंस एग्जाम में लखनऊ और बनारस के बच्चो ने मारी एक बार फिर से बाजी। नेहा सिंह ने ऑल इंडिया आठवी रैंक लाकर लखनऊ का नाम रोशन कर दिया। इसी के साथ करीब तीन बच्चे टॉप टेन में और पैंतीस बच्चे सौ रैंक के अंदर लाए है। इसमें ऑल इंडिया अठारह रैंक लाने वाली ईशा कहती है कि उन्होंने यह रैंक की उम्मीद नहीं की थी लेकिन मेहनत रंग लाई। पहल डिजाइन कोचिंग के बच्चो ने एक बार कर दिखाया कमाल। निन्नावे पर्सेंट रिजल्ट्स के साथ ही पहल डिजाइन कोचिंग ने अपना ही रिकॉर्ड तोड दिया। ज्ञात हो कि पहल ने कई सालो से लखनऊ के हुनर को आवाज दी है और लखनऊ का नाम डिजाइन के छेत्र में दुनिया में फैलाने का काम किया है। पहल डिजाइन लखनऊ के डायरेक्टर आबाद अली कहते है हमने पिछले कई सालों से टॉप रैंक लाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया है। इससे पहले नेहा मिश्र , अभिषेक जैसवाल, रोहित कुमार, गौरव कुमार जैसे बच्चो ने रैंक वन लाकर पहल एवम लखनऊ का नाम रोशन किया है। आबाद अली बताते है कि नेशनल लेवल के जितने भी एग्जाम

है उसमे पहल के बच्चे हमेशा ही टॉप रैंक इसलिए ला पाते है क्युकी वो बच्चो के बेसिक रूट्स को क्लियर करते है और डिजाइन एजुकेशन की क्वालिटी पर बहुत ध्यान देते है। विगत कई वर्षों से पहल की टीचर्स की क्वालिटी का तोड़ अभी तक कोई नही निकल पाया है। आबाद बताते है की पहल में आईआईटी रुड़की से विवेक, आईआईटी मुंबई से अभिषेक, एनआईडी से रोहित , और एनआईएफटी से अनुषा एवम खुद आबाद जी लंदन से पढ़ाई करने के बाद बच्चो को क्वॉलिटी टीचिंग कराते है। पहल डिजाइन ने बच्चो को मिठाई खिलाकर एवम उनको सम्मानित करके उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

शिवाय न्यूरो हास्पिटल में 18 से 60 वर्ष वालों को प्रीकाशनरी डोज की सुविधा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : केंद्र सरकार ने 18 से 60 वर्ष की उम्र के लोगों को पेड बेसिस पर प्रीकाशनरी डोज लगवाने की अनुमति दी है। इसके तहत प्राइवेट कोविड टीकाकरण केंद्रों पर प्रीकाशनरी डोज लगाने का काम शुरू हो गया। इसी क्रम में जनपद के शिवाय न्यूरो हास्पिटल में प्राइवेट कोविड टीकाकरण केंद्र खुल गया है। यहां के डाक्टर और टीकाकरण स्टाफ को विभागीय स्तर से समुचित प्रशिक्षण मिल गया है। बुधवार (18 मई) से शिवाय न्यूरो हास्पिटल में कोविड टीकाकरण शुरू कर दिया गया है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी (डीआईओ) डॉ नरेंद्र सिंह ने 18 से 60 वर्ष की उम्र के ऐसे लोग जिन्हें दूसरी डोज लगवाए नौ माह बीत चुका है, शिवाय न्यूरो हास्पिटल में प्रीकाशनरी डोज लेने की अपील की है। यहां यह जान लेना जरूरी है कि 60 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को यह प्रीकाशनरी डोज सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर मुफ्त में लगाई जा रही है। साथ ही 12 से 14 वर्ष, 14 से 18 वर्ष तथा 18 से अधिक उम्र के लोग जिन्हें अभी तक पहली या दूसरी डोज नहीं लगी है, सरकारी कोविड टीकाकरण केंद्रों पर मुफ्त में लग रही है। डॉ नरेन्द्र सिंह ने ऐसे लोगों से अपना टीकाकरण सरकारी टीकाकरण केंद्रों पर यथाशीघ्र करा लेने को कहा है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार के संभावित कोविड के खतरे से सुरक्षित हो सकें।

जनपदीय पुलिस की प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास तथा 2,500रु0 के अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : दिनांक 04/09/2018 को समय करीब 18.00 बजे को घटित अपराध के संबंध में मुकदमा वादी माया चन्द्र पुत्र शिवमूरत नि0– सदरगंज थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर (घटनास्थल भवानीपुर थाना मड़ियाहूँ से उत्तर–पश्चिम में 09 किलोमीटर, जनपद जौनपुर) की लिखित तहरीर पर मु0अ0सं0 294/18 धारा 498ए/304बी भा0द0वि0 व = डीपी एक्ट पंजीकृत हुआ। अभियोग की विवेचना तत्परता से गुणवत्ता कायम रखते हुए पूर्ण की गयी तथा आरोपी के विरूद्ध आरोप पत्र माननीय न्यायालय में प्रेषित किया गया। श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद जौनपुर द्वारा महिलाओं के विरुद्ध हो रहे अपराध पर नियंत्रण लगाने एवं अपराधियों को अधिकाधिक दंडित कराने के लिए माननीय न्यायालय में विचाराधीन उपर्युक्त अभियोग को जनपदीय पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही एवं सम्यक पैरवी हेतु निर्देशित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल नेतृत्व में मानिटरिंग सेल द्वारा सम्यक पैरवी एवं प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप दिनांक 19/05/2022 को माननीय न्यायालय सत्र एवं जिला न्यायाधीश, जौनपुर द्वारा दोषसिद्ध अभियुक्त फूलचन्द्र पुत्र शिवचरन निवासी भवानीपुर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर को धारा 498ए के अन्तर्गत एक वर्ष के साधारण कारावास तथा मु0– 2,000रु0/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदंड अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। धारा 304बी भा0द0वि0 के अन्तर्गत आजीवन कारावास तथा धारा 4 डीपी एक्ट के अन्तर्गत 06 माह के साधारण कारावास से व मु0–500 रु0/– के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया, अर्थदंड अदा न करने पर 1 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। अभियुक्त द्वारा जेल मे बितायी गयी अवधी उसके सजा में समायोजित की जायेगी।

थाना बरसठी पुलिस द्वारा एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के कुशल पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष थाना बरसठी जौनपुर के निर्देशन में उ0नि0 विनोद कुमार सचान मय हमराही कर्मचारी के मुखवीर खास की सूचना पर मु0अ0सं0–82/22 धारा–376/511 भादवि व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना बरसठी जौनपुर में वांछित अभियुक्त सलमान सिद्दकी पुत्र फिरोज सिद्दिकी निवासी बरसठी बाजार थाना बरसठी जौनपुर को को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता– सलमान सुद्दिकी पुत्र फिरोज सिद्दकी उम्र

करीब 19 वर्ष निवासी बरसठी बाजार थाना बरसठी जौनपुर। पंजीकृत अभियोग का विवरण– 1.मु0अ0सं0 82/22 धारा 376/511 भादवि व 7/8 पाक्सो थाना बरसठी जनपद जौनपुर। गिरफ्तारी टीम– 1. उ0नि0 श्री विनोद कुमार सचान थान बरसठी जनपद जौनपुर। 2.का0 शिवकुमार प्रजापति थाना बरसठी जनपद जौनपुर।

हाईकोर्ट के आदेश पर बीरी समसुद्दीनपुर में चला बुलडोजर : खड़ंजे के बीच खड़ी दीवार ढहाकर अतिक्रमण हटवाया गया

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : उच्च न्यायालय प्रयागराज के आदेश पर बीरी समसुद्दीनपुर गॉव में गुरुवार को बुलडोजर धमक पड़ा।तहसीलदार, कानूनगों व भारी पुलिस बल की मौजूदगी में चार वर्षो से विवादित सड़क मार्ग के बीचोबीच खड़ी दीवार को न्यायालय के आदेश पर बुलडोजर से ढहाकर अतिक्रमण को खाली करा दिया गया। अब गॉव में आने जाने का रास्ता सुगम हो गया है। गौरतलब है कि विगत चार वर्षों से उक्त गॉव निवासी सुभाष चंद्र उपाध्याय बनाम श्याम नारायण तिवारी के बीच रास्ते को लेकर विवाद चला आ रहा था। आवाजाही को लेकर दोनों पक्षों में कई बार नोकझोक भी हुई थी। एक पक्ष के सुभाष उपाध्याय का कहना है कि निर्वतमान ग्राम प्रधान द्वारा उस सार्वजनिक रास्ते पर खड़ंजा लगवाया गया था। लेकिन विपक्षी द्वारा उक्त सड़क मार्ग के बीचोबीच जबरन दीवार खड़ी कर रास्ता अवरुद्ध कर दिया गया। यही से विवाद शुरू हुआ और मामला एसडीएम, डीएम कोर्ट से चलकर हाईकोर्ट तक पहुच गया। सुभाष ने बताया कि हाईकोर्ट ने मामले को गम्भीरता से लिया और एसडीएम शाहगंज को खड़ंजे के बीचोंबीच खड़े अतिक्रमण को खाली कराने का आदेश पारित कर दिया। एसडीएम के निर्देश पर राजस्व टीम कानूनगो लाल चन्द्र यादव, लेखपाल दूधनाथ के साथ गॉव पहुचे तहसीलदार अमित कुमार सिंह ने बीच सड़क पर बनी दीवार को बुलडोजर से ढहवाकर अतिक्रमण को खाली करवा दिया।। इस दौरान स्थानीय थाने के एसआई राम भवन यादव भारी पुलिस बल के साथ शांति व्यवस्था कायम रखने के लिए अंत तक डटे रहे।

उच्चाधिकारीगण के वाहनो को रास्ते में रोककर चेक करने वाले दो अभियुक्तों को थाना सरायख्वाजा पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम व अपराधियों के विरुध्द चलाएं जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में उ0नि0 बृजेश कुमार मय हमराह द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर 02 नफर अभियुक्तगण 1. सचिन प्रजापति पुत्र स्व0 सुरेश प्रजापति निवासी मल्हनी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0–89ध्22 धारा–147, 323, 504,506,336,353,427 भा0द0वि0 व 7 सीएलए एक्ट व मु0अ0सं0–91/22 धारा– 147, 148, 323, 504, 506, 336, 353, 427, 352, 307 भा0द0वि0व 7सीएलए एक्ट 2. राजन सोनकर पुत्र उमाशंकर सोनकर निवासी इजरी थाना जलालपुर जौनपुर सम्बन्धित मु0अ0सं0–91/22 धारा– 147, 148, 323, 504, 506, 336, 353, 427, 352, 307 भा0द0वि0 व 7सीएलए एक्ट जो थाना सरायख्वाजा जौनपुर का वाछिंत अभियुक्त थे जिनको गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.सचिन प्रजापति पुत्र स्व0 सुरेश प्रजापति निवासी मल्हनी थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 2.राजन

सोनकर पुत्र उमाशंकर सोनकर निवासी इजरी थाना जलालपुर जौनपुर। आपराधिक इतिहास– 1–मु0अ0सं0 89ध्22 धारा 147,323,504,506,336,353,427 भा0द0वि0 व 7 सीएलए एक्ट थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2–मु0अ0सं0 91/22 धारा 147,148,323,504,506,336,353,427,352,307भा0द0वि0व 7 सीएलए एक्ट जो थाना सरायख्वाजा जौनपुर। गिरफ्तार करने वाली टीम– 1– उ0नि0 बृजेश कुमार गुप्ता चौकी पूर्वांचल थाना सरायख्वाजा जौनपुर। 2–उ0नि0 बलिकरन यादव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 3–हे0का0 रोहित श्रीवास्तव थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 4–का0 धर्मेन्द्र कुमार थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 5–का0 नरेश कुमार थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर। 6–म0का0 विनीता शुक्ला थाना सरायख्वाजा जनपद जौनपुर।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा नें किया तहसील मछलीशहर का निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा तहसील मछलीशहर का निरीक्षण किया गया। तहसील के भूलेख अभिलेखागार, कार्यालय तहसीलदार, सब रजिस्टार, कम्प्यूटर कक्ष सहित अन्य कार्यालयो के विभिन्न पटलों का विधिवत निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पाया कि धारा 24, 116 के मामले अधिक संख्या में लंबित है, जिस पर उप जिलाधिकारी

ज्योति सिंह को निर्देशित किया कि अभियान चलाकर मामलों का निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि 05 साल से पुरानी पत्रावली का प्राथमिकता से सुनवाई करते हुए निस्तारण कराया जाए ताकि आम–जनमानस को जल्द से जल्द न्याय दिलाया जा सके। संग्रह कार्यालय के निरीक्षण के दौरान 10 बड़े बकायेदारों की जानकारी प्राप्त की और अमीन दारा सिंह को वसूली रजिस्टर अपडेट करने के निर्देश दिए। उन्होंने पाया कि तहसील में 35 अमीन कार्य कर रहे थे, लेकिन वसूली कम हो रही थी, उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए आमीन आशुतोष पाठक, शेषमणि त्रिपाठी एवं शहरी क्षेत्र के 02 अन्य अमीनो के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सूचना अधिकार के तहत मांगी गई सूचना समय के अंतर्गत दे दी जाए। उन्होंने कहा कि उप जिलाधिकारी जन सूचना के तहत आए प्रार्थना पत्रों कि स्वयं समीक्षा करें और 01 सप्ताह में विस्तृत अनुपालन रिपोर्ट प्रस्तुत करें। कंप्यूटर कक्ष के निरीक्षण के दौरान निर्देश दिया कि आगंतुकों के लिए टीन शेड लगवाने की व्यवस्था की जाए। सब रजिस्टर को निर्देश दिया कि 35 दिन में नामांतरण अवश्य हो जाना चाहिए।

जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा द्वारा थाना मछलीशहर का किया गया निरीक्षण

जौनपुर सू.वि. : जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा के द्वारा थाना मछलीशहर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान त्योहार रजिस्टर, महिला अपराध रजिस्टर, गुंडा एक्ट, एससी एसटी सहित अन्य का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने पाया कि थाने में पत्रावलियों का रखरखाव बहुत अच्छे ढंग से किया गया था, पेंडिंग इन्वेस्टिगेशन की संख्या भी मात्र 07 थी। जिलाधिकारी ने गुंडा, गैंगस्टर एवं हिस्ट्रीशीटरो के संबंध में जानकारी ली और उनके विरुद्ध

प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। महिला संबंधी अपराधों में अभियान चलाकर निस्तारण के निर्देश जिलाधिकारी के द्वारा दिए गए। थाने की विवेचना की स्थिति बहुत अच्छी पाई गयी जिस पर थानाध्यक्ष की सराहना जिलाधिकारी के द्वारा की गई। थानाध्यक्ष के द्वारा बताया गया कि महिला हेल्प डेस्क पर प्रतिदिन 4 से 5 शिकायतें आती हैं, जो प्रायः जमीन विवाद से जुड़ी होती है। जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि थाना समाधान के अवसर पर आने वाली शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें और शिकायतकर्ता से फोन कर जानकारी ले की वे संतुष्ट है कि नहीं। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा मछलीशहर थाने के चौकीदारो (ग्राम प्रहरियों) के साथ संवाद स्थापित किया और अच्छा कार्य करने वाले चौकीदारों को डायरी व पेन देकर पुरस्कृत किया गया। उन्होंने कहा कि चौकीदार गांव में होने वाले गंभीर जमीन विवाद की सूचना समय रहते हुए थानाध्यक्ष को दें दे, ताकि किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने से पहले ही उसका निवारण कराया जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी लोग इसी तरह मनोयोग से कार्य करते हुए जिला प्रशासन के साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

मछली मारने को लेकर हुए विवाद में आधे दर्जन गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरपतहा थाना क्षेत्र के अमारी गांव में मछली मारने को लेकर हुए विवाद में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनो पक्ष से आधे दर्जन लोगों को हिरासत में ले लिया।जानकारी के अनुसार उक्त गांव में तालाब में मछली मारने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया,सूचना पर पहुंची डायल 112 दोनो पक्षों के लोगों को थाने पर लायी,थाने पर पहुंचते हीं दोनो पक्ष फिर आपस में विवाद करना शुरू कर दिए।मौके पर मौजूद वरिष्ठ उपनिरीक्षक नागेन्द्र प्रसाद सिंह ने दोनो पक्षों से छः लोगों को गिरफ्तार कर लिया,जिसमे प्रथम पक्ष से उक्त गांव निवासी रोहित गौतम,विजय कुमार,नीरज कुमार व द्वितीय पक्ष से सदा राम बिन्द,अतुल बिन्द व ध्रुव राज बिन्द शामिल है।पुलिस ने गिरफ्तार सभी आरोपियों के विरूद्ध सीआरपीसी 151/107/116 के तहत कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया।

अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : स्थानीय पुलिस ने क्षेत्र के पूरा गम्भीरशाह से एक नफर आरोपी को एक नाजायज तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी संतोष कुमार शुक्ला,एबीएसनगर

चौकी प्रभारी हरीश चंद्र सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र के पूरागंभीरशाह के पास से मुखबिर की सूचना पर एक नाजायज तमंचा व जिंदा कारतूस के साथ आरोपी अंकित सिंह उर्फ लकी निवासी फत्तूपुर को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।गिरफ्तारी की टीम में उपनिरीक्षक राणा प्रताप सिंह, सिपाही राधेश्याम अमित कुमार राहुल कुमार रहे।

रोडवेज से बुलोरो गाड़ी में सवारी बैठाकर बैग से समान चोरी करने वाले गैंग लीडर को नगर पुलिस ने किया गिरफ्तार

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय अयोध्या द्वारा अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत एवं पुलिस अधीक्षक नगर श्री विजयपाल सिंह के निर्देशन व श्रीमान् सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर पलाश बंसल एवं के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी निरीक्षक देवेन्द्र सिंह के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई थी।पुलिस के मुताबिक गत 16 मई को शाम एक महिला बस्ती जाने हेतु बुलोरो गाड़ी UP–32–GU–1211 पर एक महिला बस्ती के लिये अपनी गाड़ी पर बैठाया और अपने खलासी को पीछे बैठा दिया।उक्त महिला के बैग से 20000 रुपये नगद व सोने के कुछ जेवर निकाल लिये और महिला से बोले कि अब हम बस्ती नही जायेंगे।आप दूसरी गाड़ी पकड़कर चली जाओ जब महिला को शंका हुआ तो उपरोक्त महिला ने अपना बैग चेक किया तो महिला के बैग से रुपये व जेवर गायब थे।तो महिला के पति द्वारा कोतवाली नगर जनपद अयोध्या में मु0अ0स0 372/22 धारा 379 आईपीसी पंजीकृत हुआ।नगर पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुये मुख्य अभियुक्त को समय 10.40 रेलवे स्टेशन सिविल लाइन के पास से अभियुक्त रामजनक यादव पुत्र श्यामबरन यादव निवासी धेनुवांवा थाना कोतवाली बीकापुर जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया गया।गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 23760 रुपये

व महिला का आधार कार्ड, बुलोरो गाड़ी और एक अदद नाजायज चाकू बरामद हुयी। अभियुक्त के खिलाफ पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ0नि0 राजेश यादव प्रभारी चौकी अलीगढ कोतवाली नगर जनदप अयोध्या,उ0नि0 सुनील यादव प्रभारी चौकी सिविल लाइन को0नगर जनपद, अयोध्या,हे0कां0 जितेन्द्र बहादुर सरोज कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,कां0 विश्वदीपक तिवारी कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,कां0 ज्ञानप्रकाश यादव कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,कां0 संदीप यादव कोतवाली नगर जनपद अयोध्या,कां0 अभिषेक यादव कोतवाली नगर जनपद अयोध्या शाामिल रहे।

भारतीय किसान युनियन ने किसान पंचायत करके पांच सूत्रीय माँग पत्र सौपा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : भारतीय किसान यूनियन ने जंघई मे किसान पंचायत करके प्रदेश सचिव ने अपनी पांच सूत्री मांग पत्र थानाध्यक्ष मीरगंज के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार व जिला अधिकारी जौनपुर को सौंपी। जंघई क्षेत्र के स्टेशन रोड पर भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश सचिव राजनाथ यादव ने अपने किसान भाइयों के साथ जंघई स्टेशन रोड पर धरना प्रदर्शन कर 5 सूत्री मांग पत्र थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिंह के माध्यम से प्रधानमंत्री भारत सरकार व जिलाअधिकारी जौनपुर मनीष वर्मा को सौपा जिसमे उन्होंने किसानों को सस्ते दामों पर धान का बीज यूरिया तथा डीएपी खाद उपलब्ध कराई जाए 300 यूनिट बिजली फ्री करते हुए पिछला बकाया बिजली माफ किया जाए महंगाई पर रोक लगाते हुए पेट्रोल डीजल एवं रसोई गैस के दाम कम दिए जाएं तहसील व थाना दिवसों पर किसानों द्वारा की गई शिकायतों का निस्तारण निष्पक्ष रुप से कराया जाए ग्राम सेमरी में भूमि माफियाओं द्वारा आराजी नंबर 1392 खेल का मैदान व 1394 ग्राम समाज की भूमि पर अवैध ढंग से जबरी किए गए अतिक्रमण को बुलडोजर लगाकर सरकारी जमीन को खाली कराया जाए। इस मौके पर भारतीय किसान यूनियन प्रदेश सचिव राजनाथ यादव शैलेश वर्मा मेवालाल बाबूराम खलील फूलचंद जगदंबा प्रजापति बीना सोमनाथ सविता शीला उर्मिला सीता संजू आदि किसान उपस्थित रहे । साथ में थानाध्यक्ष मीरगंज सुरेश कुमार सिंह जंघई चौकी इंचार्ज एमडी राजपूत वह हमराही भी साथ में उपस्थित रहे।

आई टी आई कॉलेज सहित कई उपभोक्ताओं पर बिजली चोरी का मुकदमा दर्ज

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : बिजली चोरी के विरुद्ध चलाये जा रहे चेकिंग अभियान के तहत मछलीशहर के अधिशासी अभियंता रामानंद मिश्रा, एस डी ओ अमर सिंह पटेल एवं जे.ई. अभिषेक केसरवानी की टीम द्वारा ग्राम थलोई एवं कस्बा मछलीशहर के महतवाना मोहल्ले में छापा मारा गया।जिसमें बिजली चोरी करने वाले दो उपभोक्ताओं के विरुद्ध विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया तथा चार उभोक्ताओं के ए सी चलाते पाए जाने पर लोड बढ़ाने की कार्यवाही की गई । कार्यवाही के दौरान ग्राम थलोई स्थित ललिता आई टी आई कॉलेज में मीटर बाईपास कर बिजली चोरी करते पाये गया। उक्त कॉलेज के स्वामी पर भी विद्युत अधिनियम की धारा 135 के तहत मुकदमा पंजीकृत कराया गया । उपरोक्त के अतिरिक्त चेकिंग टीम में लाइनमैन रमाकान्त, गुड्डू, राजेश, ओमप्रकाश, विजय आदि शामिल रहे ।

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने की बाजार में छापेमारी : दो दुकानों से लिये सैम्पल

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : धर्मापुर बाजार में खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के नेतृत्व में टीम बनाकर दो किराने की दुकानों पर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान दो किराने की दुकानों से जांच के लिए सेंपल लिया गया। बता दें कि शुक्रवार को खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने धर्मापुर बाजार में खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में दो किराने की दुकान पर छापेमारी किया। छापेमारी के दौरान टीम ने दो किराने के दुकानों से रिफाइन के तेल, सरसो के तेल व नमकीन आदि के सेम्पल लिए। छापेमारी के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेन्द्र कुमार ने दुकानदारों के गोदाम पर भी पहुचकर जांच किया। छापेमारी के दौरान अन्य किराने की दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस छापेमारी के दौरान पूछे जाने पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेंद्र कुमार ने बताया कि बाजार के दो किराने की दुकान से सामानों के सेम्पल लिया गया है। इसकी जांच की जाएगी, उसके बाद सेम्पल गलत पाए जाने पर सम्बंधित दुकानदारों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जाएगी।

घर में अकेली भाभी को देख देवर की हुई नियत खराब : भाभी ने बुलाई पुलिस तो देवर हुआ फरार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : गौराबादशाहपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में हुआ जब कलयुगी देवर की अपनी भाभी पर ही नियत खराब हो गई तथा गुरुवार की रात घर में अकेली भाभी को देखकर बुरी नियत से उसके कमरे का दरवाजा पीट कर अश्लील बातें करने लगा जिस पर पहले तो भाभी ने उसे समझा–बुझाकर किसी तरह से मना कर दिया। शुक्रवार की दोपहर में पुनः जब भाभी घर में अपने कमरे में अकेली सो रही थी तब देवर ने दरवाजा पीट कर खुलवाने की कोशिश की, जिस पर गुस्साई भाभी ने 112 पर कॉल करके पुलिस बुला लिया। हालांकि पुलिस का सायरन सुनकर देवर मौके से फरार हो गया। उक्त महिला का पति रोजी–रोटी के सिलसिले में मुंबई रहता है तथा घर पर उसकी पत्नी और उसका छोटा भाई ही रहता है। इस मामले में पूछे जाने पर प्रभारी थानाध्यक्ष गौराबादशाहपुर लाल बहादुर सिंह ने बताया कि उक्त मामले में अभी कोई तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलती है तो मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

थाना मड़ियाहूं पुलिस द्वारा टाप 10 अपराधी मो0 गुफरान पुत्र निसार अहमद एक कट्टा .315 बोर के साथ किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के द्वारा अपराध व अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाएं जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक मडियाहूँ श्री किशोर कुमार चौबे के नेतृत्व में थाना मड़ियाहूं पुलिस टीम द्वारा दिनांक 19.05.2022 की रात्रि में मुखबिर खास की सूचना पर ददरा बाइपास बेलवा रोड की के पास से थाना हाजा के टाप 10 अपराधी मो0 गुफरान पुत्र निसार अहमद निवासी मो0 कजियाना थाना मडियाहूँ, जौनपुर जिसके पास से एक कट्टा .315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके सम्बन्ध मे अभियोग पंजीकृत कर दिनांक 20.05.2022 को अभियुक्त मो0 गुफरान को जेल भेज दिया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त– मो0 गुफरान पुत्र निसार अहमद नि0 कजियाना थाना मडियाहू जौनपुर आपराधिक इतिहास– 1. मु0अ0सं0 678/15 धारा 323/386/427/504/506 भा0द0वि0। 2. मु0अ0सं0 366/17 धारा 11 पशुक्रूरता अधि.। 3. मु0अ0सं0 178/18 धारा 3/5ए/8 गोवध अधिनियम। 4. मु0अ0सं0 216/13 धारा 147/341 भा0द0वि0। 5. मु0अ0सं0 139ध्11 धारा 323/379/504/506 भा0द0वि0। 6. मु0अ0सं0 427/09 धारा 110जी दं.प्र.सं.। 7. निवारक कार्यवाही सं. 290ध्08 धार 110जी दं.प्र.सं.। 8. मु0अ0सं0 664/07 धारा 307/324/34/504/506 भा0द0वि0। 9. निवारक कार्यवाही सं. 01ध्18 धारा 110जी. दं.प्र.सं.। 10. निवारक कार्यवाही सं. 03ध्18 धारा 3(1) यू.पी. गुण्डा एक्ट। 11. मु0अ0सं0 249/19 धारा 323/504/506/295ए भा0द0वि0 व 3(1)द SC/ST Act व 7 CLA ActA 12. मु0अ0सं0 13/20 धारा 3(1) यू.पी. गैंगस्टर एक्ट। 13. मु0अ0सं0 153ध्2022 धारा 3ध्25 आर्म्स एक्ट थाना मडियाहूँ, जौनपुर। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीमः– 1.उ0नि0 राजकुमार यादव थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 2.हे0का0 हरिमोहन थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 3.का0 हरिकेश भाष्कर थाना मड़ियाहूँ जनपद जौनपुर। 4.का0 सुखनन्दन यादव थाना मड़ियाहूँ जौनपुर। 5.का0 भानूप्रताप यादव थाना मड़ियाहूँ जौनपुर।

प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को किया गया सम्मानित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रमजान के दौरान अयोध्या में एक साजिश के तहत शहर की मस्जिदों के सामने आपत्तिजनक सामग्री फेंककर दंगे भड़काने के प्रयास को जिस तरह पुलिस व प्रशासन द्वारा अपनी तत्परता व निष्पक्षता दिखाते हुए नाकाम किया गया और योगी सरकार की उत्तर प्रदेश में कानून का शासन लागू करने के दावों के अनुरूप कार्यप्रणाली दिखलाई गयी उससे अभिभूत जिला अयोध्या की मरकजी जामा मस्जिद की इंतजामिया कमेटी और शहर इमाम द्वारा अयोध्या के कमिश्नर नवदीप रिणवा, पुलिस महानिरीक्षक के०पी० सिंह, जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय को गुलदस्ते भेंट कर व शाल ओढ़ाकर उनका अभिनन्दन किया गया। इंतजामिया कमेटी के आग्रह पर चारों अधिकारी आज शाम टाटशाह मस्जिद पहुॅचे, जहाँ यह अभिनन्दन कार्यक्रम हुआ। इस अवसर पर बोलते हुए शहर इमाम ने कहा कि जिस तरह उत्तर प्रदेश सरकार के इन अधिकारियों ने दंगा भड़काने की साजिश कर रहे लोगों के खिलाफ कानूनन कड़ी कार्यवाही की है, उससे न केवल अयोध्या की जनता में शासन पर विश्वास मजबूत हुआ है, बल्कि इसका सन्देश पूरे प्रदेश में गया है। अधिकारियों द्वारा जिस तत्परता से घटना के बाद सारी कार्यवाही को अंजाम दिया गया, वह काबिले तारीफ है। इंतजामिया कमेटी के अध्यक्ष सैय्यद सुलतान अशरफ, जो कि अम्बेडकर नगर की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मशहूर किछौछा दरगाह के गद्दी नशीन भी हैं, ने भी अधिकारियों की कानून के प्रति प्रतिबद्धता और निष्पक्षता की भूरि–भूरि प्रशंसा की। इस अवसर पर बोलते हुए मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने कहा कि सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि जो कोई भी कानून तोड़ेगा उससे सख्ती से निपटा जायेगा, भले ही वह कोई भी क्यों न हो। घटना के दिन ही उन्होंने इंतजामिया कमेटी को आश्वस्त किया था कि घटना के दोषी बहुत जल्दी पकड़े जायेंगे और अयोध्या पुलिस ने शाम को ही साजिशकर्ताओं का पता लगा लिया और अगले दिन सभी दोषियों की गिरफ्तारी कर प्रेस कांफ्रेन्स में इसका पूरा खुलासा कर दिया था। उन्होंने शहर ईमाम से अपेक्षा की कि धार्मिक स्थलों पर लगे लाउड स्पीकरों को उतरवाने में एवं सड़कों पर किसी तरह का आयोजन न होने देने के प्रशासन के कार्य में वे सहयोग करें, जिससे अयोध्या जी का संदेश पूरे देश में जाये कि यहाँ की जनता नियमों व कानून का पालन करने वाली है। पुलिस महानिरीक्षक श्री के०पी० सिंह ने कहा कि जिस प्रकार शान्ति से बिना किसी विवाद के उत्तर प्रदेश में हजारों धार्मिक स्थलों से लाउड स्पीकर हटे हैं, वह पूरे देश में एक मिसाल बन गयी है। सभी को चाहिए कि वह पुलिस प्रशासन को नियम कानून का पालन कराने में सहयोग करें। जिला मजिस्ट्रेट नितीश कुमार ने इंतजामिया कमेटी से जुड़े लोगों की इस घटना के बाद संयम बरतने की तारीफ की और कहा कि आगे भी प्रशासन इस प्रकार की चुनौतियों से बखूबी निपटेगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष पाण्डेय ने ईद की बधाई देते हुए शान्ति एवं सौहार्द का सन्देश देते हुए कहा कि आजकल लोग सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश करते हैं। ऐसी कोशिश करने वालों के मंसूबे सफल नहीं होने देने हैं, उन्होनें सभी धर्मगुरूओं से अपील किया कि किसी भी तकरीर में कोई ऐसी बात न कही जाये, जिससे किसी की भावनाओं को ठेस पहुॅचे या शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े। कार्यक्रम में अध्यक्ष मर्कजी जामा मस्जिद कमेटी सैय्यद सुल्तान अशरफ, उपाध्यक्ष मो० कमर राईन, मुफ्ती समसुल समर अलीमी इमाम जामा मस्जिद टाटशाह, नायब इमाम मो० फैसल साहब, सदस्य मो० मैनुद्दीन, मो० निजाम खान, मो० जमाल खान एवं प्रशासन व पुलिस अधिकारीगण व अन्य सम्मानित आमजन उपस्थित रहे।

रामनगरी के गेस्ट हॉउस में बिस्तर पर मृत मिला बीएससी कृषि का छात्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) रामनगरी में अयोध्या कोतवाली क्षेत्र स्थित एक अतिथि गृह में गुरुवार को एक स्नातक कृषि का छात्र विस्तर पर पेट के बल मृत मिला है। छात्र के मौत की जानकारी कमरे से तेज बदबू आने के बाद हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने फोरेंसिक टीम की मदद से घटनास्थल की छनबीन कराई है और इसकी वीडियग्राफी भी कराई है। मामले की खबर बिहार निवासी उसके पिता रेल फैक्ट्री कर्मी को दी है। बताया गया कि धर्मार्थ मंडपम अतिथि गृह के संचालक की ओर से अयोध्या कोतवाली पुलिस को सुचना दी गई कि धर्मशाला के कमरा नंबर 38 का दरवाजा बंद है और कमरे से तेज दुर्गंध आ रही है। कमरें में एक युवक रुका था। मामले की जानकारी अधिकारियों को दिए जाने के बाद स्थानीय विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को मौके पर बुला लिया गया और एसपी सिटी, सीओ अयोध्या की मौजूदगी में वीडियग्राफी के बीच कमरे का दरवाजा तोड़वाया गया तो भीतर बिस्तर पर एक युवक का शव पेट के बल बिस्तर पर पड़ा मिला। कमरें में कई सिगरेट के बचे हुए हिस्से मिले हैं और युवक की उँगलियों और होंठ पर काला निशान मिला है। आशंका जताई जा रही है कि चौन स्मोकिंग के चलते ऐसा हुआ। पुलिस ने धर्मशाला संचालक से जानकारी हासिल की तो संचालक ने बताया कि यह 31 वर्षीय युवक पीयूष प्रभाकर पुत्र पवन कुमार पासवान 14 मई को यहां आया था और अपना पता निवासी ग्राम शाहपुर थाना विभूतिपुर जनपद समस्तीपुर बिहार दर्ज कराया था। युवक ने बताया था कि वह डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय से एग्रीकल्चर से ग्रेजुएशन कर रहा है और परीक्षा देने के लिए आया है। छानबीन में पता चला है कि इसके पिता पवन कुमार चितरंजन वेस्ट बंगाल रेल फैक्ट्री में कार्यरत हैं। पुलिस ने मामले की सूचना मृतक युवक के पिता और परिवार को दी है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया है। गुरूवार को अपर पुलिस अधीक्षक नगर विजयपाल सिंह ने बताया कि सूचना पर पहुंची अयोध्या कोतवाली पुलिस ने दरवाजा तोड़वा शव को बाहर निकलवाया है और वीडियग्राफी के बीच फॉरेंसिक टीम से छानबीन कराई गई है। मृतक बीएससी कृषि का छात्र और बिहार निवासी बताया गया है और परीक्षा देने के लिए धर्मार्थ मंडपम अतिथि गृह में कमरा लेकर रुका था। घटना की जानकारी परिवार को भिजवाई गई है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। पुलिस विधिक कारवाई कर रही है।

सड़क सुरक्षा जन जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद के कई स्कूलों मेंनिकाली गयी फेरी

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जनपद के कई स्कूलों में प्रभात फेरी निकाली गई एवं सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों के अनुपालन हेतु शपथ भी कराई गई। इसके अतिरिक्त जन जागरूकता के संबंध में संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अयोध्या से संभागीय परिवहन अधिकारी श्री संजय सिंह एवं संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन श्री शिखर ओझा के साथ सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आरपी सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ राजेश त्रिपाठी के द्वारा हरी झंडी दिखाकर जागरूकता वाहन रवाना किया गया। जागरूकता वाहन को अलग–अलग जगहों पर भेजा गया जिसमें एक वाहन अयोध्या शहर में दूसरा रुदौली रोड पर तीसरा गोसाईगंज रोड पर और चौथा वाहन सुल्तानपुर रोड पर भेजा गया। जन जागरूकता हेतु गुरु नानक स्कूल रिकाबगंज में स्कूली बच्चों को सड़क सुरक्षा के संबंध में अवगत कराया गया जिसमें सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन आरपी सिंह तथा क्षेत्राधिकारी यातायात डॉ राजेश त्रिपाठी उपस्थित हुए।

भर्ती घोटाले की पता और तिथि विहीन शिकायत : शिकायतकर्ता को चुप कराने और भष्टाचार छिपाने की साजिश

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)डा राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में हुए शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार के खिलाफ कुलाधिपति , मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और उच्च शिक्षा मंत्री से शिकायत करने वाले डॉक्टर जन्मेजय तिवारी के शोध ग्रंथ में साहित्यिक चोरी की शिकायत पूर्ण रूप से फर्जी है। शिकायत कर्ता आर एन मिश्र ने एक शिकायत पत्र जो कि डा पंकज एल जानी कार्याधिकारी उच्च शिक्षा राज भवन को संबोधित है।, शिकायत पत्र में लिखा है डा जनमेजय तिवारी ने अपना शोध ग्रंथ कहीं से नकल किया है इसकी जांच करवाकर इन पर कार्यवाही किया जाय। शिकायत पत्र में न तो कोई तारीख पड़ी है और न ही कोई सपष्ट पता लिखा है। पत्र की प्रतिलिपि कुलपति और कुलसचिव डा राममनोहर लोहिया अवध विश्विद्यालय तथा प्राचार्य का सु साकेत को भी भेजी गई है। और कुल सचिव ने इस पत्र के आधार पर डा जनमेजय तिवारी से प्राचार्य का सु साकेत महाविद्यालय के माध्यम से उनके शोध प्रबंध की हार्ड कॉपी व सॉफ्ट कॉपी मांग लिया है। डा जनमेजय तिवारी ने प्राचार्य साकेत से शिकायत कर्ता द्वारा दिया गया साक्ष्य और उसका शपथ पत्र मांगा था। और प्राचार्य ने उन्हे यही चार लाइन का शिकायत पत्र दिया है। डा जन्मेजय तिवारी का कहना है विश्विद्यालय प्रशासन पूरी तरह से अपने कुकर्मों को छुपाने पर लगा है और शिकायत कर्ता पर आरोप लगाकर अपने द्वारा किए गए भर्ती घोटाले को और सिद्ध करता है। विश्वविद्यालय में इस बार शिक्षक भर्ती में जिस तरह से यूजीसी नियमों एवं आरक्षण के नियमों की धज्जियां उड़ाई है वह किसी से छुपी नहीं है और यदि सभी नियम का पालन किया गया है तो फिर प्रशासन इतना घबराया हुआ क्यों है? साँच को आंच नहीं आती है। विश्वविद्यालय ने इससे पहले भी साकेत महाविद्यालय के दो प्राचार्य पर साहित्यिक चोरी पकड़ी गई थी और जिसे माननीय कुलाधिपति महोदय ने भी स्वीकार कर लिया था परंतु विश्वविद्यालय में उन पर भी कोई कार्यवाही नहीं की।

लॉक लगी बुलेट बाइक उडा ले गए चोर : पता लगाने में पुलिस नाकाम

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) प्राप्त सूचनानुसार शिवपूजन यादव पुत्र वंशीलाल जो ग्राम मटौली थाना पटरंगा का निवासी है बीती रात शिवपूजन यादव जेबीपी स्मारक विद्यालय के प्रबंधक संदीप कुमार यादव की बहन के शादी समारोह में सरीक होने गया था जहां उसने अपनी बुलेट बाइक यूपी–42 बीए–8370 को टेंट गेट के सामने लॉक कर खड़ी कर दिया। और भोजन करने चला गया करीब आधे घंटे बाद जब शिवपूजन बाइक के खड़े किए स्थान पर आया तो मौके पर से उसकी उक्त बुलेट बाइक गायब थी उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर भी कुछ पता नहीं चला तो डायल–112 पर जरिए फोन पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने भी पूछताछ और खोजबीन शुरू की किंतु कोई सुराग पुलिस को भी नहीं मिला। भुक्तभोगी ने खोई बाइक के संबंध में हाइवे पुलिस चौकी (थाना पटरंगा) पर लिखित शिकायती पत्र भी दिया है।इस संबंध में एसएचओ पटरंगा से बात किया गया तो उन्होंने कहा लोग खा पीकर कहीं गाड़ी छोड़ देंगे तो और कहेंगे कि गाड़ी चोरी होगी तो मान लिया जाएगा। फिलहाल पुलिस अपना काम कर रही है,और अगला सवाल सुनने से पहले ही एसएचओ ने फोन काट दिया। तो क्या समझा जाए कि पुलिस अपना काम सही ढंग से कर रही होगी अहसास तो नहीं होता।

जनपद के प्रत्येक गो–आश्रय स्थल में चारे भूसे और पेयजल आदि की उपलब्धता सहित आश्रय स्थलों में साफ–सफाई की व्यवस्था की जाए–मण्डलायुक्त

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) मण्डलायुक्त नवदीप रिणवा ने मण्डल के समस्त जनपद के जिलाधिकारियों एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रत्येक गो–आश्रय स्थल में चारे, भूसे और पेयजल आदि की उपलब्धता सहित आश्रय स्थलों में साफ–सफाई की व्यवस्था की जाए। तेज धूप के चलते जहां पर पर्याप्त छाया न हो वहां पर टीन शेड की व्यवस्था करायी जाय। गोवंश की उचित देखभाल के साथ चिकित्सा में भी लापरवाही न बरती जाए। ब्लाकों में तैनात पशु चिकित्सा अधिकारी प्रतिदिन एक या दो गौशालाओं का निरीक्षण करें यदि कोई पशु/गौवंश बीमार है तो उनका नियमित इलाज करें। निराश्रित गोवंश के पालन–पोषण के सम्बन्ध में दी जा रही धनराशि के भुगतान में किसी भी प्रकार की शिथिलता या विलम्ब न होने पाये। उन्होंने सभी जनपदों के नगर निगम, नगर पालिका परिषद व नगर पंचायतों में घूमंतों आवारा पशुओं को पकड़कर उनको आश्रय स्थलों पर पहुंचाने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि यदि किसी गौआश्रय स्थल पर लगे समरसेबुल पम्प खराब होते है तो उन्हें उसी दिन तत्काल ठीक कराया जाय।

श्री राम पारायण आयोजक समिति द्वारा वैदिहि भवन में राम कथा का आयोजन

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) 16 साल से श्री राम पारायण आयोजक समिति डिस्ट्रिक्ट अहमदाबाद तहसील वीरगांम,मांडल ,डेट्रोज तीनों तहसील के सेवादार सेवक द्वारा निरंतर अपने सदस्यों पदाधिकारियों व भक्तों को तीर्थ स्थलों का व तीर्थ स्थलों पर श्री राम कथा व श्रद्धालुओं की सेवा भक्ति श्री राम पारायण आयोजक समिति के द्वारा किया जा रहा है। वही अयोध्या के जानकी घाट स्थित वैदिहि भवन में राम कथा का शुभारंभ 13 मई से हुआ और 21 मई को समापन होगा। ये कथा नौ दिवसीय है। ये संगीतमय राम कथा है और कथा का रस वाणी कथावाचक राजेंद्र प्रसाद शास्त्री कर रहे है। राजेन्द्र प्रसाद शास्त्री ने बताया कि गुजरात से सभी भक्तों को लेकर लगभग 1000 श्रद्धालुओं के साथ अयोध्या में अमृत महोत्सव आजादी का अमृत महोत्सव पूरे देश में मनाया जा रहा है उस के उपलक्ष में हम लोग यहां अवध में प्रभु श्री राम की भूमि में राम कथा का आनंद लेने आए हैं राम कथा का आयोजन चल रहा है और आज भरत चरित्र की कथा रहेगी जो भाव की कथा है हमारी इस कथा में सभी लोग भाव से जोड़ते हैं इस कथा महोत्सव की मुख्य जजमान लाखा भाई भरवाड है और कथा के दूसरे मुख्य जजमान कांतिभाई राम पाटीदार समाज वामाशाह कह जाते हैं और विश्व उमया फाउंडेशन के खजांची और सहयजमान ईश्वर भाई सेठ के सुपुत्र नटूभाई हीरापुरा वाले है यह कथा नौ दिवसीय है जिसका समापन 21मई को पूर्णाहुति के साथ होगा इस कथा में तीन समय भक्तों का भंडारा अनवरत चल रहा है जिसमें भंडारे का प्रसाद बनाने वाले रसोईया गुजरात अहमदाबाद से कालू हलवाई है और प्रसाद वितरण व भोजन परोसने के लिए मुंबई से वेटर आए हैं इस भंडारे में भोजन बनाने में कंदमूल का प्रयोग नहीं किया जाता है और पूरी तरह से शुद्धता का ख्याल रखते हुए शुद्ध भोजन सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद दिया जाता है इस रामकथा ने वीरचंद भाई गांधी, जयस पटेल, विपुल भाई, सुबोध भाई साह,कांतिभाई राम चीफ सेक्रेटरी विश्व उमिया फाउंडेशन, नटटूभाई पटेल, नवनीत भाई पटेल,रमनिक भाई पटेल,आदि अन्य सम्मानित श्रद्धालु इस राम कथा में सम्मिलित हुए व राम कथा की अमृत वाणी का रसपान ग्रहण कर रहे है।

जनपद के विभिन्न विघालयो में एक्टिविटी डे हर्ष उल्लास से मनाया गया

अयोध्या ब्यूरो राजेश श्रीवास्तव : राम सुमिरन इंटर कॉलेज एवम् एस के पब्लिक स्कूल शाहगंज में बच्चो ने फायर फ्री कुकिंग, चार्ट मेकिंग, निबंध प्रतियोगिता, सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता जैसी कई प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्र के सम्मानित चौकी प्रभारी महोदय श्री जय किशोर अवस्थी जी अपनी टीम के साथ उपस्थित होकर बच्चो का मनोबल बढ़ाया एवम शासन द्वारा आयोजित छात्राओं के सुरक्षा के दृष्टिगत हेल्पलाइन नंबर के बारे में भी विस्तार से बताया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय, विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर इं पवन तिवारी, विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता राज पांडेय आदि की गरिमा मई उपस्थिति में ज्ञान की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवम् दीप प्रज्ज्वलित करने के साथ हुआ। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवम छात्रों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या अनीता राज पांडेय जी बच्चो के द्वारा आयोजित फायर फ्री कुकिंग, सड़क सुरक्षा, निबंध प्रतियोगिता आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बच्चो द्वारा प्रतिभाग किए गए एवम शिक्षको के कुशल नेतृत्व की सराहना मुख्य अतिथि द्वारा की गई। बच्चो के अति सुंदर कार्यक्रम से खुश होकर मुख्य अतिथि जी द्वारा बच्चो को पुरस्कार स्वरूप नगद धनराशि प्रदान की गई। आए हुए समस्त अतिथि गणों एवम समस्त शिक्षक और छात्रों के प्रति विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर श्री तिवारी जी एवम विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

भाजपा सांसद व संतो के भारी विरोध के चलते मनसे प्रमुख राज ठाकरे का अयोध्या दौरा रद्द

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) इस समय काफी दिनो से मनसे प्रमुख राज ठाकरे का राम नगरी अयोध्या दौरे के मामले का पटाक्षेप हो गया।सूत्र के मुताबिक अब महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राज ठाकरे का 5 जून को होने वाला अयोध्या दौरा रद्द हो गया है।बताया जा रहा है कि राज ठाकरे ने स्वास्थ्य कारणों से अपना दौरा रद्द कर दिया है।मालुम हो कि इससे पहले राज ठाकरे के अयोध्या दौरे की घोषणा के बाद से ही अयोध्या से साधु संत और बीजेपी सांसद बृजभूषण सिंह ने उनके दौरे का विरोध किया।बीजेपी सांसद ने कहा था, "पहले राज ठाकरे को उत्तर भारतीयों से माफी मांगनी चाहिए और फिर उन्हें अयोध्या आना चाहिए।सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि राज ठाकरे को उत्तर प्रदेश की जमीन पर कदम नहीं रखने दूंगा।बाबरी मस्जिद मामले में वादी रहे इकबाल अंसारी ने भी मनसे अध्यक्ष राज ठाकरे के अयोध्या दौरे का विरोध किया था।वही इसी कड़ी में सीएम योगी से अपील करते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि जब तक राज ठाकरे उत्तर भारतीयों से माफी नही मागते है तब तक सीएम योगी को राज ठाकरे से नहीं मिलना चाहिए।बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि राज ठाकरे अगर माफी नहीं मांगते हैं तो हिंदुस्तान के कई प्रदेश ऐसे हैं जहां वे कदम नहीं रख सकते।अयोध्या तो अब भूल जाएं

कि बिना माफी मांगे अयोध्या आएंगे।दरअसल जबसे मनसे प्रमुख राज ठाकरे का 5 जून को अयोध्या का दौरा प्रस्तावित था,तब से कैसरगंज के भाजपा सांसद ब्रजभूषण शरण सिंह अयोध्या समेत आसपास के जिलों में अपने कार्यकर्ताओं को विरोध के लिए सहेजने में जुटे हुए थे।माना जा रहा है लगभग एक लाख कार्यकर्ताओं को विरोध के लिए इकट्ठा करने की मुहिम बनाई जा रही है।हालांकि राज ठाकरे के दौरे को लेकर अयोध्या के संत में दो फाड़ हो गया है।कुछ संत तो उनका स्वागत कर रहे है तो कुछ संत विरोध कर रहे हैं।वहीं अयोध्या के भाजपा सांसद लल्लू सिंह व पूर्व सांसद विनय कटियार राज ठाकरे के समर्थन में है।वहीं संतों का एक गुट सांसद बृजभूषण शरण सिंह के साथ थे।

घरेलू विवाद में पति ने शीशे की बोतल तोड़कर पत्नी के पेट में घोंपा : खुद पर भी किया वार : दोनों की मौत

सोनभद्र ब्यूरो : यूपी के सोनभद्र जिले से घरेलू विवाद में खौफनाक वारदात की जानकारी सामने आई है। कोन स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत करईल के महुराव में पति ने पत्नी की हत्या कर दी। शीशे की बोतल तोड़कर टुकड़ा पत्नी के पेट में घोंप दिया। फिर वही टुकड़ा अपने पेट में भी घोंप लिया। मौके पर दोनों की मौत हो गई। शुक्रवार सुबह घटी घटना की जानकारी के बाद ग्रामीण सकते में है। पुलिस ने पति–पत्नी का शव कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। महुराव निवासी सरदार उर्फ शारदा चेरो (35) मजदूरी करता था। काम की तलाश में उसे शनिवार को उड़ीसा जाना था। इससे पहले शुक्रवार

सुबह पति–पत्नी में किसी बात पर विवाद हुआ। मामला इस कदर बिगड़ा कि गुस्से में सरदार ने पास में रखी बोतल तोड़कर पत्नी फुलवा देवी (32) के पेट में घोंप दिया। उसे मौत के घाट उतारने के बाद उसी टूटे बोतल से अपने पेट में भी वार कर लहूलुहान कर लिया। चीखपुकार सुनकर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे तो नजारा देखकर सन्न रह गए। आननफानन दंपती को चोपन सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही ओबरा क्षेत्राधिकारी और प्रभारी निरीक्षक घटना स्थल पर पहुंचकर जांच पडताल में जुट गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे लोग मंजर को याद कर सिहर उठ रहे हैं।

ब्राह्मण कन्या के विवाह में मदद कर परिषद ने रचा इतिहास

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या)अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक एवं श्री श्री परशुराम सेवा ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं कृपा निधान तिवारी ने पूर्व में पारित बैठक में गरीब ब्राह्मण कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग के क्रम में 18 मई को आर्थिक रूप से कमजोर त्रिपुरारी पांडे पुरखेपुर पूरा ब्लॉक के घर जाकर पच्चीस हजार रू नगद साड़ी ब्लाउज पेटीकोट बर्तन एवं अन्य सामान कन्या विवाह में देकर बड़ा पुण्य लाभ लिया। साथ में पूरा ब्लॉक के अध्यक्ष रामचरित्र पांडे मया ब्लॉक के अध्यक्ष राधेश्याम पांडे उपस्थित रहे । परिषद के क्रियाकलापों को तीन दशक से सामाजिक कार्य करके पूरे प्रदेश में ब्राह्मण संगठनों में लीक से हटकर काम करके इतिहास रच कर एक मिसाल कायम की है जिसके चलते पूरे देश में परिषद के संरक्षक से कई लाख लोग जुड़कर मजबूती प्रदान कर रहे हैं।

पेंशनरों को देना होगा 1 वर्ष में एक बार जीवित प्रमाण पत्र

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) जिलाधिकारी नितीश कुमार ने बताया कि पेंशन के निर्बाध भुगतान हेतु सेवानिवृत्त कर्मचारियों को वर्ष में एक बार अपना जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना पड़ता है, जिस हेतु उन्हें कोषागार अथवा बैंक की शाखा पर उपस्थित होना पड़ता है। पेंशनर्स की सुविधा के दृष्टिगत शासन द्वारा काफी पूर्व से ही जीवित प्रमाण देने की आनलाइन व्यवस्था का प्रारम्भ किया गया है। जिस हेतु पेंशनर्स को कोषागार/बैंक में आये बिना अपने निकट के जनसुविधा केन्द्र पर जाकर ूरममूंदचतंउंद.हवअ.पद के माध्यम से अपना जीवित प्रमाण पत्र आनलाइन सबमिट करने की व्यवस्था है। आनलाइन जीवित प्रमाण पत्र देने हेतु पेंशनर को अपना पी0पी0ओ0 संख्या, आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं मोबाइल साथ में रखना आवश्यक है। और अधिक जानकारी हेतु मुख्य कोषाधिकारी अयोध्या से प्राप्त की जा सकती है।

22 वर्षीय युवक ने घर के अंदर लगाई फांसी हुई मौत

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) कोतवाली नगर अंतर्गत पुलिस चौकी सिविल लाइन क्षेत्र में आने वाले पीडब्ल्यूडी कॉलोनी में 22 वर्षीय युवक ने घर के अंदर लगाई फांसी मौत को गले लगाया प्राप्त जानकारी के अनुसार विनय थापा पुत्र स्वर्गीय हरि बहादुर थापा आयु लगभग 22 वर्ष पीडब्ल्यूडी कॉलोनी सिविल लाइन कोतवाली नगर जनपद अयोध्या ने आज बीती रात अज्ञात कारणों के चलते घर में लगे लोहे के रॉड मैं रस्सी का फंदा बांधकर झूल गया और मौत को गले लगाया घटना की सूचना आज प्रातः लगभग 7:00 बजे सिविल लाइन चौकी इंचार्ज अभीनंदन पांडे को मिलने पर चौकी इंचार्ज एवं कांस्टेबल संदीप द्वारा घटनास्थल पर पहुंचकर शव को फंदे से उतरवाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम हेतु भेज वा दिया गया है चर्चाओं के अनुसार 1 माह पूर्व युवक की बहन का देहांत हो जाने के कारण सदमे में आ कर फांसी लगा लिया है।

गरीब कन्या के विवाह में मदद कर हरिओम ने जीता लोगों का दिल

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) समाजसेवा,धार्मिक सुरुचि तथा अपने सरल व सुलभ स्वभाव के लिये जिले भर में विख्यात प्रसिद्ध समाजसेवी व उद्योगपति राघवचरणानुरागी हरिओम तिवारी ने एक गरीब परिवार की कन्या के विवाह में सहयोग कर एक बार फिर लोगों का दिल जीतने का काम किया है। ज्ञात हो कि विकासखंड सोहावल की ग्राम पंचायत सारँगापुर के मजरे गोसाईं कुट्टी निवासी देवनारायण गोस्वामी जो कि आर्थिक रूप से कमजोर हैं। उनके बेटी की शादी आगामी 20 मई को होनी है। गाँव के ही पूर्व प्रधान राजेन्द्र गोस्वामी को जब कार्यक्रम के बारे में पता चला तो उन्होंने दूरभाष के माध्यम से समाजसेवी हरिओम को परिवार की स्थिति से अवगत करवाया तथा आर्थिक सहयोग करने का निवेदन किया। राजेन्द्र के सूचना मात्र पर ही हरिओम ने तुरंत 11 हजार रूपये का आर्थिक सहयोग कर कन्यादान की बखूबी रस्म निभाई तथा लोगों का दिल जीतने का भी काम किया है। ज्ञात हो कि हरिओम समाजसेवा के क्षेत्र में सदैव अग्रणी भूमिका में रहते हैं।जिसके लिये उन्होंने राघवचरणानुरागी नामक दल का भी गठन किया है जो समाज के सभी जरूरतमंद लोगों के सहायता हेतु सदैव उपलब्ध रहता है। साथ ही हरिओम तिवारी विगत कई वर्षों से दर्जनों निर्धन कन्याओं की शादियां तथा तमाम जरूरतमंद लोगों को आर्थिक सहायता पहुंचा चुके हैं। पिछले वर्ष कोरोना महामारी के कारण हुये लॉकडाउन में भी समाजसेवी ने जरूरतमंदों की मदद करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। फिर वो चाहे पुरोहितों को सम्मानित करना हो, लोगों तक राशन पहुँचाना हो या दवा बैंक का संचालन कर लोगों को जरूरी दवाएँ उपपलब्ध कराना हो। ज्ञातव्य हो कि राघव चरणानुरागी दल समाज के निचले तबके, असहायों व जरूरतमंदों की सहायता करने हेतु सदैव तत्पर रहता है। हरिओम द्वारा किये गये इस नेक कार्य की चारो–ओर जमकर प्रशंसा हो रही है।

सम्पादक मंडल
पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी
प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0
लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से में0 प्रभुदयाल प्रकाशन के लिए श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।